दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शुक्रवार 03 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 491



## संक्षिप्त खबरें ।

### सऊदी अरब ने गुपचुप तरीके से जानें क्यों 6 ईरानियों को दे दी फांसी, जिस पर भड़क गया तेहरान



**लोक तंत्र की आवाज़**

**बेरूत।** सऊदी अरब ने 6 ईरानियों को एक मामले में मौत की सजा सुनाई है। इसके बाद सऊदी अरब और ईरान में ठन गई है। सऊदी अरब की इस कार्रवाई से ईरान भड़क गया है। वहीं सऊदी अरब ने कहा है कि उसने मादक पदार्थों की तस्करी के जुर्म में ईरान के छह लोगों की मौत की सजा पर तामील की है। ईरान ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई है। सऊदी अरब के गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि छह लोगों को देश में हशीश की तस्करी करते हुए पकड़ा गया था और देश के उच्चतम न्यायालय की ओर से एक अपील खारिज किए जाने के बाद उन्हें मौत की सजा दे दी गई।

हालांकि मंत्रालय ने यह जानकारी नहीं दी कि ईरान के नागरिकों को यह सजा कब और कहां दी गई। मंत्रालय ने कहा कि यह सजा इस्लामी कानून के अनुरूप है और इसका उद्देश्य नागरिकों और निवासियों को ''मादक पदार्थों के अभिशाप से'' बचाना है। वहीं ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'इरना' ने अपनी एक खबर में कहा कि ईरानी विदेश मंत्रालय ने तेहरान में सऊदी राजदूत को तलब किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान इस मामले पर चर्चा करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल रियाद भेजेगा।

**ईरान को बताए बिना दी गई मौत :** खबर में विदेश मंत्रालय के अधिकारी मोजतबा शास्ती करीमी के हवाले से कहा गया कि मौत की सजा पर तामील न्यायिक सहयोग की स्थापित प्रक्रिया के विपरीत है। उन्होंने कहा कि ईरान को सूचित किए बिना सऊदी अरब की ओर से की गई यह कार्रवाई ''किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।'' ईरान और सऊदी अरब के बीच संबंध ज्यादा सौहार्दपूर्ण नहीं हैं और दोनों देशों ने सात साल के तनाव के बाद 2023 की शुरुआत में राजनयिक संबंध फिर से शुरू किए थे।

# अगर नीतीश आए तेजस्वी के साथ, तो कौन बनेगा सीएम, हो गया फैसला, लालू यादव बोले

**लोक तंत्र की आवाज़**

### तेजस्वी ने नीतीश कुमार के एंट्री का रास्ता बंद किया तो लालू ने खोल दिया



**पटना।** बिहार की राजनीति में अटकलों का दौर कभी खत्म नहीं होता है. चाहे वो नीतीश कुमार का किसी पाले में जाने का हो या फिर बिहार में सरकार बदलने का. इसी कड़ी में एक तरफ जहां, तेजस्वी यादव ने राजद में नीतीश कुमार की एंट्री के लिए दरवाजा बंद कर दिया है तो वहीं उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने दरवाजा खोल दिया है.

दरअसल, एक इंटरव्यू में लालू यादव से राजद के साथ नीतीश कुमार के आने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि बिल्कुल उनके लिए दरवाजा खुला हुआ है, उनको भी दरवाजा खोलकर रखना चाहिए. हालांकि वहीं जब उनसे सीएम को लेकर सवाल किया गया तो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव ही सीएम बनेंगे, उनको मेरा आशीर्वाद है।

नीतीश कुमार के साथ आने को लेकर किए गए सवाल पर लालू प्रसाद यादव ने कहा, 'आते हैं तो काहे नहीं लेंगे, रहें साथ में काम करें, हां रख लेंगे, सारी गलतियां माफ कर देंगे. माफ करना ही हमारा फर्ज है. हमारा तो दरवाजा खुला हुआ है. नीतीश कुमार का भी खुला रहना चाहिए. मुख्यमंत्री हैं, उनको खोलकर रखना चाहिए।

हालांकि इस बीच बड़ी बात यह है कि लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने हाल के दिनों में अपनी यात्राओं के दौरान बार-बार कहा है कि चाचा नीतीश कुमार के लिए उनके दरवाजे बंद हो गए हैं. अब नीतीश कुमार साथ आना भी चाहेंगे तो वह उनको नहीं लेंगे. तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कह दिया था कि नीतीश कुमार को वापस अपने साथ लेकर वह अपने पैर पर कुल्हाड़ी नहीं मारेंगे. हालांकि लालू यादव के इस ताजा बयान के बाद से बिहार में राजनीतिक कयासों का बाजार एक बार फिर से तेज हो गया है।

## आरिफ मोहम्मद खान बने बिहार के नए गवर्नर, पटना एचसी के चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को राजभवन में एक समारोह के दौरान बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने खान को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा राज्य के अन्य मंत्री और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। खान ने राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का स्थान लिया, जिन्हें केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

शपथ के बाद खान ने कहा कि मैंने अभी शपथ ली है। बिहार का गौरवशाली इतिहास है और बिहार के लोगों में बहुत क्षमता है – वे देश की पूरी व्यवस्था चला रहे हैं। वहीं, शपथ समारोह से पहले आरिफ मोहम्मद खान ने बांस घाट पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ये वही लोग थे जिनके कारण देश को आजादी मिली। इसलिए इन्हें याद रखना जरूरी है। सोमवार को पटना पहुंचने के बाद खान ने हवाईअड्डे पर पत्रकारों से कहा था कि वह राज्य की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं बिहार के गौरवशाली इतिहास को जानता हूं। इसका मुझ पर प्रभाव पड़ता है। मैं राज्य की विरासत और गौरवशाली परंपरा के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव का दौरा किया और उनकी मां परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। खान, मुख्यमंत्री कुनार के साथ नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के कल्याण बिगहा में स्मारक उद्यान भी गए।

## 2026 में नहीं रहेगी केंद्र में मोदी सरकार, राज्यसभा सांसद और उद्धव संजय राउत के बयान से मची खलबली

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** उद्धव शिवसेना सांसद संजय राउत ने मोदी सरकार को लेकर बड़ा दावा किया है, उन्होंने कहा कि मेरे मन में संदेह है कि साल 2026 के बाद केंद्र सरकार बचेगी या नहीं। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे। केंद्र सरकार अस्थिर हो गई, तो इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा। राज्यसभा सांसद और उद्धव शिवसेना के नेता संजय राउत अपने बयानों को लेकर खासे चर्चा में रहते हैं, आज यानी कि गुरुवार को उन्होंने एक बयान में दावा किया कि केंद्र की मोदी सरकार 2026 में नहीं बचेगी।

संजय राउत ने कहा कि मुझे संदेह है कि केंद्र सरकार 2026 के बाद बचेगी या नहीं, मुझे लगता है कि मोदी अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेंगे. और केंद्र सरकार अस्थिर हो जाएगी. उन्होंने कहा कि इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा। उन्होंने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति पर चलते हैं।

**सियासी बयानबाजी के बीच राउत का दावाः** बिहार में भी आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने कहा कि नीतीश के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं, नीतीश को भी खोलकर रखना चाहिए. लालू ने कहा कि नीतीश कुमार साथ में आएं, मिलकर काम करें. नीतीश कुमार ही हमेशा भाग जाते हैं, हम माफ कर देंगे. लालू के इस बयान के पहले भी नीतीश को लेकर कई तरह के बयान सामने आए हैं. इन बयानों के बाद ऐसा कहा जा रहा है कि राजनीतिक गलियारों में कुछ तो पक रहा है. जिसके कारण ये बयान सामने आ रहे हैं।

**महाराष्ट्र में कैसे पड़ेगा असर?**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 132 सीटों पर जीत दर्ज की है, तो वहीं शिवसेना ने 57 एनसीपी ने 41 पर जीत दर्ज की है. इन तीनों दलों ने मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई है. संजय राउत का दावा अगर सही साबित होता है तो महाराष्ट्र में भी बीजेपी मुश्किल में पड़ सकती है. यही कारण है कि राउत ने दावा किया कि केंद्र के अस्थिर होने के बाद महाराष्ट्र पर भी असर पड़ेगा।

## स्पेन से आई महिला नागा संयासिनी एंजेला अटल अखाड़े की पेशवाई में नागा साधुओं की जमात में क्यों हुई शामिल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन के पहले कुंभ क्षेत्र में अखाड़ों का छावनी प्रवेश का सिलसिला जारी है। इसी क्रम ने संन्यासी अखाड़ों में सबसे आखिर में गठित किए गए अटल अखाड़े की भव्य छावनी प्रवेश यात्रा निकाली गई। भक्ति और अध्यात्म की धारा में देश के बाहर से आई विदेशी महिला नागा संन्यासी भी शामिल रही।

**विदेशी महिला नागा संयासिनी एंजेला भी नागा संन्यासियों के साथ हुई शामिलः** प्रयागराज में अखाड़ों की छावनी प्रवेश यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था और जिज्ञासा का केंद्र बन रही है। श्री शंभू पंच दशनाम अटल अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में महिला नागा संयासियों की फौज भी शामिल हुई । नागा संन्यासियों के जत्थे के साथ चल रही एक महिला नागा संन्यासी स्पेन से आई थी। एंजेला स्पेन में होटल में सीनियर शेफ की नौकरी छोड़कर इंडिया आई तो सनातन बोर्ड का रंग उन पर ऐसा चढ़ा कि एंजेला अंजली गिरी बन गई और नागा संयासिनी की जमात में शामिल हो गई। अंजली गिरी के साथ एक और महिला नागा संन्यासी धूनी गिरी भी थी जो उनकी गुरु है।

**बाल नागा भी छावनी प्रवेश में शामिलः** अटल अखाड़े की इस छावनी प्रवेश यात्रा में 1500 से अधिक साधु संत शामिल हुए। छावनी यात्रा मेंनागाओं की फौज श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही । घोड़ों में सवार नागाओं के हाथ में तलवार और त्रिशूल थे तो वहीं सबसे आगे चल रहे नागाओं के हाथ में विशाल भाले थे जो उनके देवता भी माने जाते हैं। नागा संन्यासियों की जमात में कई बाल नागा सन्यासी भी चल रहे थे। काशी से छावनी प्रवेश में शामिल होने आए आठ साल के दिनेश गिरी भी उन्हीं में से एक थे। अटल अखाड़े के सचिव महंत बलराम गिरी बताते हैं कि दिनेश गिरी अभी अखाड़े में महा पुरुष हैं जो नागा संन्यासी की दीक्षा लेने के पहले की पदवी है। 18 साल की उम्र के बाद उन्हें संन्यास की दीक्षा दी जाएगी। दिनेश गिरी को उसके मां बाप मन्नत की वजह से उसके गुरु अद्वैता नंद को दे गए थे।

## क्या बात है! संगम नगरी प्रयागराज से आई ये तस्वीरें दिल खुश कर देंगी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज में मकर संक्रांति के अवसर पर महाकुंभ का आगाज हो रहा है। इससे पहले यहां विभिन्न तरह की तैयारियां चल रही हैं और अभी से उत्सव जैसा माहौल है। तस्वीर में आप शंभू पंचायती अटल अखाड़े के साधुओं को पेशवाई जुलूस में भाग लेते देख रहे हैं। पेशवाई जुलूस प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के लिए अखाड़े या संप्रदाय के साधुओं और अन्य सदस्यों के आगमन का प्रतीक होता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने कहा कि कुंभ मेले की शुरुआत से पहले 9 जनवरी के बाद प्रयागराज में तापमान के सामान्य से नीचे जाने की संभावना है। हालांकि ठंड कितनी भी पड़े, वह महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं का जोश कम नहीं कर पाएगी। यह तस्वीर महाकुंभ की तैयारियों के मद्देनजर एक पेंटर द्वारा की जा रही साज-सज्जा की है।

बता दें कि प्रयागराज में आगामी महाकुंभ के दौरान संगम क्षेत्र में पहली बार चौबीस घंटे निगरानी के लिए पानी में गोता लगाकर 100 मीटर गहराई तक निगरानी करने में सक्षम 'अंडरवॉटर ड्रोन' तैनात किए जाएंगे। तस्वीर में श्री पंचायती अटल अखाड़े के नागा साधु महाकुंभ से पहले शाही प्रवेश जुलूस में हिस्सा लेते हुए नजर आ रहे हैं।

प्रयागराज में तीर्थयात्रियों और अन्य आगंतुकों की सुविधा के मद्देनजर 92 सड़कों की मरम्मत की गई है और 30 पंटून पुलों का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही भारत की संस्कृति और विविधता को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न भाषाओं के 800 साइन बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा है। तस्वीर



में आप नए साल के पहले दिन संगम पर नौका विहार का आनंद लेते लोगों को देख सकते हैं। बता दें कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले 45 दिवसीय महाकुंभ में विश्व भर से 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस मौके पर सरकार भी तैयारियों में जोरशोर से लगी है। प्रयागराज के संगम पर महाकुंभ 2025 से पहले कुछ इस तरह टेंट लगाए गए हैं।

बता दें कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण 20000 श्रद्धालुओं और 5000 VIPs के लिए टेंट सिटी में विशेष तंबुओं का निर्माण कर रहा है। इसके अलावा 20000 से अधिक संतों, संगठनों और अन्य संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन करते हुए उन्हें जमीन आवंटित कर दी गई है। यह तस्वीर श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़े के नागा साधुओं की है जो महाकुंभ से पहले पेशवाई या शाही प्रवेश जुलूस में हिस्सा ले रहे हैं। महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार आदिकालीन भारतीय संस्कृति की दिव्यता और अलौकिकता का दर्शन होगा। प्रयागराज मेला प्राधिकरण, शहर के विभिन्न चौराहों पर 26 नक्काशीदार मूर्तियां स्थापित करने जा रहा है। इस तस्वीर में महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर कलाकार दीवार पर पेंटिंग बनाते हुए नजर आ रहे हैं।

महाकुंभ में इस बार पौराणिक मान्यताओं के साथ-साथ सबसे आधुनिक डिजिटल तकनीक भी देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ में व्यापक स्तर के सुरक्षा इंतजाम के तहत 20 ड्रोन लगातार महाकुंभ की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। वैसे इस महाकुंभ पर हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा।

## 25 सेक्टर्स में फैला प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र; कहां, कौन-से घाट और मंदिर?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** महाकुंभ का आयोजन भारत के चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में हर 12 साल के अंतराल पर होता है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान करेंगे। इसे लेकर सरकार ने व्यापक तैयारियां शुरू की हैं। इसमें अत्याधुनिक तकनीक, सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा ताकि श्रद्धालुओं के लिए यह अनुभव सहज और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध हो।



**महाकुंभ 2025 का आयोजनः** महाकुंभ 2025 की मेजबानी उत्तर प्रदेश करने को तैयार है। संगम नगरी प्रयागराज में कुंभ मेले का आयोजन हो रहा है। वैसे तो हर साल प्रयागराज में माघ मेला लगता है, लेकिन अर्ध कुंभ और महाकुंभ मेला विशेष धार्मिक महत्व रखता है। इसके पहले साल 2013 में प्रयागराज में महाकुंभ मेला लगा था। हंदू तिथि के अनुसार, हर 12 साल में पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ महाकुंभ की शुरुआत होती है और महाशिवरात्रि पर खत्म होता है। कुंभ की भव्यता और मान्यता का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि कुंभ में स्नान करने के लिए लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। इस वर्ष 13 जनवरी 2025 को महाकुंभ की शुरुआत होगी।

## तिरुपति के स्टील प्लांट में भीषण विस्फोट, धमाके की आवाज से गांववालों में दहशत, 6 लोग घायल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के स्टील प्लांट में भारी विस्फोट के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। दरअसल पेनेपल्ली में बने अग्रवाल स्टील प्लांट में बुधवार रात बड़ा विस्फोट हुआ। इस घटना में 6 लोग घायल हो गए हैं। इस धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि संयंत्र से बड़े पैमाने पर आग का गोला निकला, जिसके बाद सिलसिलेवार ढंग से कुछ छोटे विस्फोट हुए। बता दें कि यह घटना बुधवार रात करीब 10.15 बजे की है, जब कथित तौर पर प्लांट के बॉयलर में खराबी आ गई, जिससे विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि इससे दूर दराज तक घरों की खिड़कियां टूट गईं और इलाके की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई।



बता दें कि इस हादसे में कुल 6 लोग घायल हो गए हैं। घायल श्रमिकों को इलाज के लिए नेल्लोर और नायडूपेटा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। वहीं संयंत्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और घटना की जांच शुरू हो चुकी है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना देखने को मिली है। हाल ही में गुजरात के सूरत में बड़ा हादसा देखने को मिला था। दरअसल यहां हजीरा इंडस्ट्रियल एरिया में स्टील प्लांट में आग लगने की वजह से 4 मजदूरों की मौत हो गई और एक शख्स घायल हो गया।

**सूरत की स्टील प्लांट में भी हादसा**

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि यह घटना आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया में हुई। उन्होंने कहा, "हमें पता चला है कि संयंत्र के एक हिस्से में जलता हुआ कोयला अचानक फैलने से आग फैल गई। जिसमें चार मजदूरों की मौत हो गई।

## भारत के साथ बेहद खास रिश्ता है, हमारा देश कभी खिलाफ नहीं जाएगा, बांग्लादेश के आर्मी चीफ ने दिया बयान

**लोक तंत्र की आवाज़**

**ढाका।** भारत से चल रहे तनावों के बीच बांग्लादेश के आर्मी चीफ का बड़ा बयान सामने आया है। सेना प्रमुख वाकर-उज-जमान ने एक बयान में कहा कि भारत के साथ बांग्लादेश का बेहद खास रिश्ता है। इसलिए उनका देश कभी भारत के खिलाफ नहीं जा सकता। इस दौरान उन्होंने भारत को महत्वपूर्ण पड़ोसी बताया और कहा कि ढाका कई मामलों में नई दिल्ली पर निर्भर है।

सेना प्रमुख ने कहा कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी अपना इलाज कराने भी भारत जाते हैं और वहां से ढाका बहुत सारा सामान भी आयात करता है।



इसलिए बांग्लादेश ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा, जो भारत के रणनीतिक हितों के खिलाफ हो। भारत-बांग्लादेश के बीच लेन-देन से लेकर आपसी हितों को समान महत्व देने का रिश्ता है। इसमें कोई भेदभाव न हो। इसलिए बांग्लादेश को भारत से समान रिश्ते बना कर रखना होगा। यही बांग्लादेश के हित में है।

पूर्व राजनयिक और प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में वास्तविक विदेश मंत्री हुसैन ने कहा कि रोहिंग्या संकट से निपटने के साथ-साथ अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाए रखना 2025 में बांग्लादेश के लिए प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने कहा, ''हमारी प्राथमिकताएं रोहिंग्या संकट का समाधान करना।

**शेख हसीना के प्रत्यर्पण को बांग्लादेश ने बताया द्विपक्षीय मुद्दा**

बांग्लादेश ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रत्यर्पण भारत के साथ कई मुद्दों में से एक है। जबकि अमेरिका, भारत और चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध अंतरिम सरकार की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने कहा कि हसीना (77) पांच अगस्त से भारत में रह रही हैं, जब वह छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद देश से बाहर चली गई थी। छात्रों के आंदोलन के कारण उनकी 16 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। बांग्लादेश स्थित आईसीटी ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों के खिलाफ ''मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार'' के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### युवक को मारपीट कर किया जख्मी



**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के नरहट बाजार में एक युवक को अपने चाचा द्वारा मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है। जख्मी युवक लाला कुमार पिता भोला चौधरी का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। पीड़ित ने बताया कि हम ई रिक्शा चलाते हैं। ई रिक्शा चलाकर जब घर गया तो घर के पास हमारे चाचा विजय चौधरी शराब पीकर हल्ला हंगामा कर रहे थे। मना करने पर हमारे साथ मारपीट कर दिए जिससे हम जख्मी हो गए। हमारा सिर भी फट गया है। पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना थाना को दिया गया है।

### पूर्व पीएम व आचार्य किशोर को दी गई श्रद्धांजलि

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के हाजीपुर गांव स्थित जनता आदर्श पुस्तकालय परिसर में मंगलवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह तथा आचार्य किशोर कुणाल को श्रद्धाभाव से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हाजीपुर पैक्स अध्यक्ष सुंदर प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को मजबूत भारत की परिकल्पना को पूरा करने के लिए किए गए विभिन्न कार्यों खासकर भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था, मनरेगा, खाद्य अधिनियम, सूचना के अधिकार आदि की सराहना की गई। वहीं बिहार के पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल के द्वारा नौकरी के दौरान किए गए कार्यों तथा सनातन धर्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी वर्गों, धर्मो के लोगो के लिए सेवा भाव रखने की बात कही गई। कहा गया कि मात्र एक सप्ताह के अंदर देश से दो महामानव का आकस्मिक निधन देश को अपूरणीय क्षति है। मौके पर राजनंदन प्रसाद,रामसेवक प्रसाद, अजीत कुमार,अमित कुमार,सुजीत कुमार,सिंह, अयोनिज कुमार, शैलेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थापना दिवस पर गोष्ठी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को वारिसलीगंज बाजार स्थित तोमडिया बाबा भवन में कार्यकर्ताओं द्वारा विचार गोष्ठी आयोजित कर पार्टी हित में कई निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता केदार सिंह व सुभाष प्रसाद यादव द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस दौरान बताया गया कि एक वर्ष से चलने वाले वार्षिक समारोह के साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन 2 जनवरी 2025 को का. ए बी वर्धन के 100 वें जन्म दिवस के अवसर पर पटना में किया जाएगा। मौके पर वर्तमान परिस्थिति में पार्टी की प्रासंगिता पर विचार विमर्श का विषय प्रवेश का. अखिलेश सिंह के द्वारा कराया गया। सर्व सम्मत प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्तमान समय में कम्युनिस्ट पार्टी की अहमियत काफी बढ़ गई है। हर मोर्चे पर मेहनत कशों के साथ अन्याय हो रहा है और कार्पोरेट घरानों के लोग मालामाल हो रहे हैं। इस अवसर पर पार्टी के सचिव ललन कुमार, का. श्यामसुंदर दुबे, अवधेश सिंह,वसंत कुमार,आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।

# समाजसेवी डॉ.अनुज ने हजारों जरूरतमंदों बीच किया कंबल वितरित, कंबल पाकर खुश हुए चेहरे

लोक तंत्र की आवाज





**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड के हंडिया पंचायत एवं कोसला पंचायत के विभिन्न गांवों के हजारों जरूरतमंद बुजुर्गों ,महिलाओं ,गरीबों को मॉडर्न समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंहके द्वारा न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा एवं सिद्धार्थ एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट नवादा के तत्वावधान में महादलित बस्ती के वृद्ध जन मे लगभग 1000 कंबल प्रदान किया गया। नववर्ष में हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का भीषण प्रकोप अपने चरम पर है। इस कारण ठिठुरते गरीब बुजुर्गों और बेसहारा महिलाओं को अपनी जान बचाना मुश्किल हो गया है।एक ओर जहां हांड़ कपा देने वाली ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त है , लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है तो दूसरी ओर नवादा के प्रसिद्ध शिक्षाविद, समाजसेवी सह मॉडर्न ग्रुप के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह लगातार जरूरतमंदों के बीच पहुंच कर ठंड से बचाव के लिए निःस्वार्थ भाव से कंबल वितरण का कार्य कर रहे हैं। ज्ञात हो कि कंबल वितरण का कार्य पिछले 10 वर्षों से वो करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी गुरुवार के दिन कोसला पंचायत के रामे, फाजिलपुर एवं हड़ियां पंचायत के बणगंगा के पास सीतारामपुर गांव में गोपाल नगर, राजीव नगर, जनकपुर के महादलित बस्ती एवं आदिवासियों के बीच हजारों की संख्या में कंबल प्रदान किया गया। कंबल वितरण के दौरान मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज ने कहा कि धन का सदुपयोग गरीबों की सेवा करने में ही है। ₹केवल अपने परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ खुश रहना एक तरीका हो सकता है, लेकिन हमें अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी समझनी चाहिए। सक्षम लोगों द्वारा यदि जरुरतमंदो की सहायता की जाए तो आपके जीवन में खुशियां बढ़ जाती है। कंबल वितरण के दौरान त्रिवेणी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट नवादा के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि धन का सबसे बड़ा सदुपयोग सुपात्र को दान देना है। इस भीषण ठंड में यदि हमारे प्रयास से किसी गरीब की जीवनरक्षा होती है, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। हमें यथाशक्ति जरूरतमंद की सहायता अवश्य करनी चाहिए।इस अवसर पर हंडिया पंचायत के पूर्व मुखिया नंदु राजवंशी, पैक्स प्रत्याशी सुनील सिंह, अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह कोसला पंचायत के पूर्व मुखिया रविन्द्र सिंह, कोसला के चुनचुन सिंह ,पचाढ़ा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार,दिलीप कुमार,पारस कुमार,अनिरुद्ध सिंह,बिपिन सिंह,अरुण कुमार ,डॉ संजय कुमार,नारदीडीह के सेवानिवृत शिक्षक प्रवीण कुमार सुनील ,कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# 'शब्दवीणा' की बेगूसराय, फरीदाबाद एवं बाराबंकी जिला समितियों का गठन सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की बिहार, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश समितियों के अंतर्गत क्रमशः शब्दवीणा बेगूसराय जिला समिति, हरियाणा फरीदाबाद जिला समिति एवं बाराबंकी जिला समिति का गठन किया गया है। शब्दवीणा की संस्थापक-सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि शब्दवीणा बेगूसराय जिला समिति का संरक्षक कवि देवनीति राय को तथा जिला अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता सह साहित्यसेवी सत्यजीत सोनू को बनाया गया है। समिति को जिला उपाध्यक्ष रजनीश कुमार चौधरी, जिला सचिव कुँवर आर्यन शांडिल्य, जिला संगठन मंत्री हिमांशु कुमार शंकर, जिला कोषाध्यक्ष भीम कुमार, साहित्य मंत्री गोविन्द कुमार एवं प्रचार मंत्री राधेश्याम कुमार का भी युवा नेतृत्व प्राप्त हो सकेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बतलाया कि शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश समिति की सचिव कवयित्री सरोज कुमार को नवगठित शब्दवीणा फरीदाबाद जिला समिति हरियाणाका संरक्षक बनाया गया है। शब्दवीणा फरीदाबाद जिला समिति के अध्यक्ष पद का दायित्व साहित्यकार किशोर कुमार कौशल तथा उपाध्यक्ष पद का दायित्व महेश चंद्र शर्मा राज को दिया गया है। शब्दवीणा फरीदाबाद जिला समिति को जिला सचिव रिया अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री सरिता कुमार, जिला साहित्य मंत्री जितेन्द्र सिंघल, जिला कोषाध्यक्ष विकास शुक्ला एवं जिला प्रचार मंत्री मधु वशिष्ठ का दायित्वपूर्ण सानिध्य प्राप्त होगा। डॉ. रश्मि से प्राप्त सूचना के अनुसार, शब्दवीणा बाराबंकी जिला समिति, उत्तर प्रदेश का जिला अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं डॉ.अनूप कुमार एकलव्य, जो एक सक्रिय तथा समर्पित जो एक सक्रिय तथा समर्पित कवि, लेखक, समाजसेवी एवं पर्यावरण सैनिक हैं। शब्दवीणा बाराबंकी जिला समिति की उपाध्यक्ष प्रिया जीत, जिला सचिव पत्रकार अनूप कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री आशुतोष सोलंकी, जिला कोषाध्यक्ष अम्बरीष वर्मा 'पारस', जिला साहित्य मंत्री शिव विशाल यादव एवं जिला प्रचार मंत्री अतुल सिंह माधुर्य ने हिन्दी साहित्य की सेवा करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जतायी है।देश के सभी प्रदेशों में शब्दवीणा के प्रसार पर खुशी जताते हुए शब्दवीणा के राष्ट्रीय संरक्षक महावीर बजाज, राष्ट्रीय परामर्शदाता मंडल के सदस्य डॉ. प्रेम शंकर त्रिपाठी, पुरुषोत्तम तिवारी, राजन सिजुआर व नंद किशोर गुप्ता, महावीर सिंह वीर, राजमणि मिश्र, डॉ. संतोष संप्रीति, वंदना चौधरी, मनीलाल बारिक, डॉ. रवि प्रकाश, पंकज मिश्र, अनुराग सैनी मुकुंद्र, निगम राज, प्रो. सुबोध कुमार झा, प्रो. दीनानाथ, डॉ. रामसिंहासन सिंह, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, डॉ. गोपाल निर्दोष, दिनेश कुमार, अशोक कुमार जाखड़, सुरेश फक्कड़, उमेश त्रिगुणायत, सोनल शुक्ला आदि ने नये वर्ष में संस्था के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु मिलजुलकर कार्य करते रहने की आवश्यकता पर बल दिया है।

# घाट बक्शीला गांव में हुई मारपीट में एक जख्मी किया गया रेफर

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

परना डाबर थाना क्षेत्र के घाट बख्शीला गांव में मवेशी बाँधने जा रहे युवक के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। जख्मी युवक को परिजनों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला ले जाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर उमेश प्रसाद शर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना परना डाबर थाना में चार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। घटना का कारण बता दें कि नए साल के जश्न मना कर लौट रहे चार की संख्या में युवकों ने मवेशी बंधने जा रहे युवक के भैंस को बीड़का दिया एवं युवक को बोलने पर मारपीट कर पर युवक को पैर तोड़ दिया तथा सर फोड़ दिया। जख्मी युवक की पहचान घाट बक्शीला गांव निवासी साकेत प्रसाद के पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गई है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक साकेत प्रसाद की पत्नी रेणु देवी ने चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाया है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हैप्पी न्यू ईयर गूंजा चहुंओर ,नव वर्ष पर खूब मना जश्न

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** बीते वर्ष 2024 मंगलवार की रात 12 बजते ही क्षेत्र के युवाओं द्वारा डीजे की धुन पर थिरकते हुए पटाखे फोड़ कर अंग्रेजी नववर्ष 2025 की खुशियां मनाई गई।इस दौरान लोगों ने अपने अपने अंदाज में नववर्ष को सेलेब्रेट किया।हालांकि वर्ष का प्रथम दिन सुबह से ही ठंढी पछुआ हवा से वातावरण में काफी कनकनी लिए हुए रही। 12 बजे के बाद धूप खिली, बावजूद सुबह होते ही युवाओं व बच्चे पहले से तय स्थानों पर बकरे की मिट,मुर्गा व दमआलू और भात बनाने की व्यवस्था में जुट गए।वारिसलीगंज में कोई भी चिह्नित पिकनिक स्पाट नहीं होने के कारण यहां के बहुतेरे युवा राजगीर,भीमबांध,तारापीठ व अन्य स्थानों पर नव वर्ष मनाने रिजर्व वाहनों से गए।नववर्ष पर प्रखंड के अपसढ गांव में स्थित ऐतिहासिक शैरोदह तालाब के किनारे,शान्तिपुराम सूर्य मंदिर परिसर सहित सकरी नदी के विभिन्न किनारों,खेत खलिहानों एवं बाग बगीचे में युवाओं द्वारा पिकनिक मनाया गया। इस दौरान स्वादिष्ट भोजन आदि बनाकर खाते हुए जश्न मनाते नववर्ष 2025 का स्वागत किया।वहीं ठेरा गांव स्थित टतेश्वरनाथ मंदिर के प्रांगण में भी युवक युवतियों की भारी भीड़ देखी गई। सात्विक प्रवृत्ति वाले युवा अपने नए वर्ष का आगाज भोले शंकर की पूजा अर्चना से शुरू किया।नव वर्ष पर मंदिरों में देखी गई भीड़ अंग्रेजी नव वर्ष के बावजूद महिलाएं व धार्मिक प्रवृत्ति के पुरुष सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना में जुटे।ठेरा के टतेश्वरनाथ महादेव मंदिर,वारिसलीगंज शांतिपुरम सूर्य मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर, उत्तर बाजार,कोयरी टोला स्थित देवी मंदिर,मकनपुर,चंडीपुर,कुटरी, दरियापुर आदि गांवों के ठाकुरबाड़ी, व क्षेत्र में स्थापित मंदिरों के पास पूजा पाठ करने वाले महिलाओं व पुरुषों की खासी भीड़ देखी गई। मिट मुर्गे की दुकानों पर देर शाम तक रही भीड़ः वारिसलीगंज बाजार के स्टेट बैंक के पास एवं उत्तर बाजार के चंडाल चौक स्थित तीन चार मिट मुर्गे व मछली की दुकानों पर दिन भी खरीदारों की भीड़ देखी गई। भीड़ इतनी की खस्सी की मिट खरीददारों को घंटो इंतजार के बाद मिल पा रहा था। विकास मेला रहा आकर्षण का केंद्रः नगर के बाइपास सड़क किनारे श्रीकृष्णापूरी मोहल्ले में लगा बिहार विकास मेला में महिलाओं एवं युवक युवतियों को आसमानी झूला, नाव झूला,ब्रेकडान्स झूला,मौत कुंआ में बच्चों एवं युवतियों को लुफ्त उठाते देखा गया।जबकि घरेलू महिलाएं मीना बाजार में खरीदारी करते देखी गई।विकास मेला में बच्चों ने खूब आनंद उठाया।

# मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से अपील की है गरिबों को ठंड से बचाने का पुरी व्यवस्था किया जाए

लोकतंत्र की आवाज़



**गया ।** जिले में इन दिनों भीषण ठंड का कहर जारी है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने जिला प्रशासन से अपील की है कि वह प्रमुख चौक-चौराहों पर राहत व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने मांग की कि अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल, गया रेलवेजंक्शन,सिकरियामोड़ प्रभावती अस्पताल,जयप्रकाश अस्पताल, विष्णुपद मंदिर, मंगला गौरी, जामा मस्जिद, दुखहरनी मंदिर जैसे प्रमुख स्थानों पर लकड़ी का जलावन एवं कंबल की व्यवस्था की जाए।डॉ. मिश्रा इस ठंड के मौसम में गरीब, बेसहारा और राहगीरों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन का कर्तव्य है कि वह हरसंभव राहत प्रदान करे। उन्होंने मानवाधिकार संगठन की ओर पूर्व में सैकड़ो कंबल वितरण कर जरूरतमंद लोगों को मदद किया गया है।मिश्रा ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था और जरूरतमंदों को कंबल वितरण प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने जिला प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि इस कार्य को समय पर और व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया जाए, ताकि गरीब तबके को ठंड के कहर से राहत मिल सके। उनके इस कदम को स्थानीय प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है। जिला से प्रशासन से मांग करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर।

# रहस्मय तरीके से गायब हुई 05 वर्षीय बच्ची , मचा कोहराम

लोक तंत्र की आवाज





**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा में रहस्मय तरीके से एक 05 वर्षीय बच्ची रहस्मय तरीके से गायब हो गयी, जिसके बाद परिजन काफी परेशान है. परिजनों ने स्थानीय थाना में लिखित रूप से सूचना देकर अपहरण का आशंका जताया है .सूचना मिलते हीं पुलिस हरकत में आयी और पुलिस टीम के साथ डॉग स्क्वाड की टीम के साथ घर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुटी है। बता दें कि यह घटना नवादा जिले के नरहट थानाक्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद हिसुआ के छोटी पाली की बतायी गयी है . 05 वर्षीय बच्ची सांवी कुमारी उर्फ काव्या कुमारी पिता शिवशंकर सिंह अपनी ननिहाल छोटी पाली में खेल रही थी ,तभी बुधवार की दोपहर लगभग 02 बजे से रहस्मय तरीके से अचानक गायब हो गायी . बच्ची का घर पकरीबरावां थानाक्षेत्र के असमा ग्राम है , वह अपना नानीघर छोटी पाली ग्राम आयी हुई थी .बच्ची के नाना राजेश कुमार ने कहा बच्ची अचानक गायब हो गयी है , उन्होंने आशंका जताते हुए बचाया कि किसी अपराधी द्वारा बच्ची का अपहरण कर लिया गया होगा. हालांकि अभी तक उन्हें अपहरण होने का किसी प्रकार का सूचना या जानकारी नहीं मिला है . घटना के बाद परिजन काफी परेशान है . बुधवार की दोपहर से लेकर गुरुवार की सुबह तक काफी खोजबीन किया .सभी रिश्तेदारों एवं सगे - संबंधियों के यहां भी पता किया ,लेकिन कोई जानकारी उन्हें नहीं मिला .जिसके बाद उन्होंने नरहट थाना को लिखित सूचना देकर बच्ची की बरामदगी करने का गुहार लगाया है। परिजनों द्वारा थाने सूचना के बाद रजौली डीएसपी गुलशन कुमार एवं थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया .जब किसी प्रकार का कोई सुराग हाथ नहीं लगा ,तो डॉग स्क्वाड की टीम को बुलाकर स्थलीय जांच में जुटी है। बच्ची की गायब होने की सूचना परिजनों द्वारा दिया गया , जिसके बाद मैं और थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले पूछताछ और जानकारी लिया. परिजन द्वारा अपहरण का आशंका जताया गया है .पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है , जल्द हीं बच्ची की बरामदगी हो सकेगी .पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है.- गुलशन कुमार ,डीएसपी ,रजौली (नवादा)।

# नरहट : तकनीकी पेंच के कारण रेफर मरीजों को एम्बुलेंस मिलने में होती है घंटों विलम्ब

लोक तंत्र की आवाज



**नरहट (नवादा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट से रेफर मरीजों को हायर सेंटर भेजने के लिए एम्बुलेंस मुहैया कराने में कागजी प्रक्रिया के पेंच के कारण घण्टो विलम्ब से मरीजों को परेशानी हो रही है। इधर दो महीनों से तकनीकी एवं कागजी प्रकिया बढ़ाई जाने के कारण घण्टो विलंब के कारण मरीजों को फजीहत हो रही है। इमरजेंसी रेफर मरीजों को तकनीकी पेंच के कारण विलम्ब होने पर डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को कोपभान का शिकार होना पड़ रहा है। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक शांता स्वामी ने बताया कि पहले दूसरा एजेंसी काम कर रहा था उस समय मरीज की परस्थिति का आंकलन करते हुए सेवा दिया जाता था। लेकिन मौजूदा एजेंसी के द्वारा कागजी एवं तकनीकी प्रक्रिया का अनुपालन करने के उपरांत रेफर मरीजो को सेवा दिया जाना है, जिसके चलते घण्टो विलंब हो जाती है। विलम्ब के चलते मरीजों के स्वजनों द्वारा आरजकता की स्थिति पैदा हो जाती है। जिसके कारण अस्पताल प्रशासन को कोपभान का शिकार होना पड़ता है। मरीजों के स्वजनों द्वारा हल्ला हंगामा की स्थिति में कई बार तो स्थानीय थाना पुलिस की मदद लेनी पड़ चुकी है।

**दो महीने से अस्पताल से रेफर मरीजों को हो रही परेशानी:** सीएससी में नए एजेंसी आने के बाद लगभग दो महीने से एम्बुलेंस भेजने में विलम्ब की समस्या उतपन्न होने लगी है। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि जिला में सीएस के साथ होने वाली बैठक के दौरान भी समस्या से अवगत कराया गया है। वरीय पदाधिकारियों के द्वारा भी सम्बंधित एजेंसी को सूचित किया गया है। परंतु एजेंसी के एसीओ द्वारा सभी नियमों का पालन करते हुए मरीजों को सेवा दी जाने हेतु आदेशित किया गया है।

**डिलेवरी एवं इमरजेंसी मरीजों को होती है फजीहत :** फिलहाल अस्पताल में दो बेसिक लाइफ एम्बुलेंस उपलब्ध है। एम्बुलेंस रहते हुए भी कागजी पेंच के कारण डिलेवरी और इमरजेंसी रेफर मरीजों को भेजने में लेट लतीफ के कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है। सूचना के बाद प्रसव पीड़ा से परेशान मरीजों को लाने में विलंब हो रहा है। बताया जाता है कि रात 10 बजे के बाद पटना में एजेंसी के ऑफिस में फोन भी लगना मुश्किल हो जाता है। एजेंसी के लेंदी प्रोसेस के कारण एम्बुलेंस भेजने में विलम्ब होने से उतपन्न हो हंगामा के चलते डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी डरे सहमे हुए हैं।

# बी -डिवीजन लीग मैच के चौथे मुकाबले में युवराज क्रिकेट क्लब, कादिरगंज ने नारदीगंज को हराया

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** जिला क्रिकेट संघ नवादा के तत्वाधान में नारदीगंज हाई स्कूल मैदान में आयोजित बी- डिवीजन लीग के चौथे मैच में आज युवराज क्रिकेट क्लब कदीरगंज का मुकाबला प्रिंसिपल क्रिकेट क्लब नारदीगंज के बीच हुआ। जिसमें युवराज क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले नारदीगंज क्रिकेट क्लब को बल्लेबाजी का नेउता दिया जिसमें नारदीगंज के बल्लेबाजों ने 25.4 ओवर में 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई ।जिसमें रोशन ने सर्वाधिक 31 सनी ने 24 जबकि रोशन ने 21रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए युवराज क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दीपक यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया जबकि अंकित ने तीन और सौरभ ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी युवराज क्रिकेट क्लब कादिरगंज की टीम ने मात्र 17.02 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाकर मैच को जीत लिया , जिसमें कप्तान अंकित ने 46 रन जबकि जितेंद्र ने 33 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया अंकित को उसके शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौरः लापता युवती का देहरादून में होने की जानकारी पर परिजनों में हड़कंप

रिपोर्ट आमीन सलमानी

नजीबाबाद नाबालिग पुत्री के अचानक लापता होने के बाद अगले दिन अज्ञात नंबरों से कॉल आने और युवती के देहरादून होने की जानकारी के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने थाने पहुंचकर पुत्री के लापता होने और अज्ञात नंबरों से कॉल आने से संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी सलीम अहमद पुत्र अब्दुल समी ने स्थानीय थाने पहुंचकर दी तहरीर में कहा कि विगत 26 दिसंबर को उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताये कहीं चली गई है। पुत्री को आस पड़ौस, रिश्तेदारों एवं जगह जगहअज्ञात नंबर से परिजनों को कॉल कर दी गई युवती के देहरादून में होने की जानकारी तलाश किया लेकिन उसका कही कुछ पता नहीं चला। पुन: दूसरे नंबर से फोन आया कि मैं आपकी लड़की को देहरादून रेलवे स्टेशन से बैठा रहा हूँ जो सुबह नजीबाबाद पहुंच जायेगी। अभी तक लड़की घर नहीं पहुची अब उक्त नंबर मोबाईल स्विच ऑफ आ रहे है। पीड़ित पिता ने थाना पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करने और युवती के बरामदगी की मांग की है।

### परिवहन मंत्री दयाशंकर सहिं ने शुरू की शहीद एक्सप्रेस बस सेवा, अब कम करिाए में लखनऊ से देवरिया तक करें सफर

सतीश



**लखनऊ।** नए साल के मौके पर बुधवार को परिवहन मंत्री ने शहीद एक्सप्रेस बस सेवा का शुभारंभ करने से पहले कैप्टन अंशुमान सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वीर सपूत को नमन करते हुए शहीद एक्सप्रेस बस सेवा शुरू की गई है। मंत्री दयाशंकर सहिं ने बताया कि शहीद एक्सप्रेस साधारण बस सेवा देवरिया जिले के लिए बस सेवा प्रतिदिन आलमबाग से सुबह 10:30 बजे चलेगीइस दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सियाचिन में बलिदान होने वाले कैप्टन अंशुमान सिंह जैसे वीर सपूतों पर देश हमेशा गर्व करेगा। आपको बता दें कि नए साल के मौके पर बुधवार को परिवहन मंत्री ने शहीद एक्सप्रेस बस सेवा का शुभारंभ करने से पहले कैप्टन अंशुमान सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कैप्टन अंशुमान सिंह देवरिया जिले के बरडीहा दलपत गांव के मूल निवासी थे और सियाचिन ग्लेशियर में 19 जुलाई 2023 को शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने के कारण कई जवान बंकर में फंस गये थे, जवानों को बचाने के लिए इन्होंने अपने जान की परवाह न करते हुए बंकर में दाखिल हुए और बुरी तरह जख्मी हो गए।

### बलिया : अलाव व्यवस्था का निरीक्षण

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह ने उप जिलाधिकारी सदर आत्रेय मिश्रा के साथ शीत लहर के दृष्टिगत रात्रि में शहर में स्थित विभिन्न रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी रैन बसेरों में व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। उन्होंने रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाए जाने की व्यवस्था का भी भ्रमण कर जायजा लिया, सभी जगह व्यवस्था ठीक पाई गई। इसके साथ ही उन्होंने बस डिपो, चित्तू पाण्डेय चौराहा, स्टेशन रोड, बालेश्वर मंदिर व भृगु मंदिर आदि का भ्रमण कर शीतलहर व ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कम्बल भी वितरित किया।

### बिजनौर : अधिशासी अधिकारी द्वारा रैन बसेरा एवं अलाव का निरीक्षण किया गया

रिपोर्ट रोहित कुमार

**नगीना ।** सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिका नगीना की ओर से बनाए गए रेन बसेरों का निरीक्षण मंगलवार को अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने रेन बसेरों में ठहरने की व्यवस्था, साफ– सफाई और बिस्तरों की स्थिति का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी ली। ठहरे हुए लोगों ने ठंड से बचाव के लिए दी जा रही सुविधाओं की सराहना की, लेकिन कुछ ने व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत भी बताई। अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि रेन बसेरों में साफ–सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए और ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त बिस्तर और कंबल उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि रेन बसेरों में ठहरने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। नगर पालिका की यह पहल ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के लिए सराहनीय है और प्रशासन का प्रयास है कि इन सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाए।

# कार और बुलेट की आमने सामने की टक्कर से हुई दो लोगों की मौत

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह



बिजनौर की तहसील चांदपुर के गांव गोयली सादात के रहने वाले दो व्यक्ति अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से चांदपुर किसी काम से गये थे शाम 5:00 बजे वापसी लौटते समय अपने गांव गोयली वापस लौट रहे थे जैसे ही वह निकट चांदपुर डिग्री कॉलेज चांदपुर के पास पहुंचें सामने से आ रही तेज गति से हेक्टर कार कार संख्या यूपी 23एपी2370 ओवरटेक करते हुए बुलेट बाइक में तेज टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही रमेश पुत्र सुखवा सिंह की जगह पर ही मौत हो गई जबकी अशोक पुत्र रतन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सीएससी ले जाया गया जहां से उसको बिजनोर के लिए रेफर कर दिया गया बिजनोर में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया उनकी मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पुलिस आ गई और मौक़े पर मौजुद कोतवाल पुष्कर सिंह मेहरा भी मौजुद रहे और भीड़ जमा हो गई परिवार वालों ने रमेश पुत्र सुखवा को सड़क पर रख कर जाम लगा दिया और वह अपनी जिद परआ गए कि जब तक गाड़ी वाला ड्राइवर यहां पर नहीं आएगा हम इनके शव को उथने नहीं देंगे मौके पर मौजुद कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों ने चांदपुर से भाजपा की पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी व चांदपुर के भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट प्रमोद सूर्या सैनी मौके पर पहुंचे अनहोने परिजनों को समझा बुझाकर रमेश पुत्र सुखवा सिंह को पोस्टमॉर्टम के लिए बिजनौर को भीजवा दिया गया और पुलिस ने मौके से भीड को हटाकर यातायत को सुचारु रूप से चालू करवा दिया गया।

## उत्तराखंड वन विभाग कर्मियों की नाकामी से हाथियों ने फसल की बर्बाद



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

हरिद्वार पथरी क्षेत्र में वन्य जीव और हाथियों की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ समाजसेवी नवनीत शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा भाजपा धर्मेंद्र चौहान और जिला पंचायत सदस्य सोनवीर पाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही के खिलाफ डिप्टी रेंजर गजेंद्र सिंह को ज्ञापन दिया है। बहादुरपुर जट्ट, कटारपुर, गाड़ोवाली, बिशनपुर, रानीमाजरा, पंजनहेड़ी अजीतपुर आदि गांव में हाथियो द्वारा नष्ट की गई फसलों के हुए नुकसान पर अपना रोष व्यक्त किया। इस दौरान समाजसेवी नवनीत शर्मा ने कहा कि आज यहां के किसानों की फसल हाथी द्वारा पूरी तरह बर्बाद कर दी गई है और शासन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों की रोकथाम होनी चाहिए। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हाथियों के द्वारा किसानों की पूरी फसलों को नष्ट किया जा चुका है परंतु शासन से कोई भी मुआवजा नहीं मिल रहा है। मुआवजे की प्रक्रिया में पटवारी द्वारा रिपोर्ट मांगी जाती है। जबकि पटवारी रिपोर्ट लगाने से इनकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि पटवारी की रिपोर्ट की अनिवार्यता जिला अधिकारी द्वारा समाप्त की जानी चाहिए। जिससे कि ग्रामीणों को उचित मुआवजा मिल सके। उन्होंने मुआवजे को दुगना करने की मांग की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सोनवीर पाल और बीड़ीसी सदस्य चंद किरण सिंह ने कहा कि हाथियों के आने की सूचना वन विभाग को दी जाती है। परंतु मौके पर कोई भी अधिकारी समय से नहीं पहुंचता है। जिससे जान माल का नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। पूर्व ग्राम प्रधान कटारपुर नूतन प्रधान ने कहा कि कटारपुर और बिशनपुर के बीच एक वन चौकी बननी चाहिए। जिससे कि हाथियों की निगरानी की जा सके। और ग्रामीणों की फसलों के नुकसान से बचा जा सके। इस अवसर पर अमित पाल, रेनू चौधरी, अरुण रेड्डी, योगेश प्रजापति, मनोज सैनी, ब्रजमोहन पाल, निशु पाल, अंकित चौहान, मंडल अध्यक्ष प्रणव यादव, धर्मेंद्र चौहान, चंद किरण सिंह, सोहनवीर पाल, नूतन प्रधान, श्रीपाल, राजन कुमार, सचिन आर्य, योगेंद्र चौहान, सत्यपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## यूपी के चर्चित चंदन हत्याकांड में 28 दोषी करार, 6 साल बाद आया कोर्ट का फैसला... तिरंगा यात्रा के दौरान भड़का था दंगा

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना



उत्तर प्रदेश के कासगंज में 6 साल पहले दंगा हुआ था। उस दंगे में चंदन गुप्ता की हत्या हुई थी। उनकी हत्या में शामिल 28 लोगों को गुरुवार को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। लखनऊ में एनआईए कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। 26 जनवरी 2018 में तिरंगा यात्रा के दौरान हुए विवाद में हिंसा भड़क गई थी उसी में चंदन की हत्या हो गई थी।गुरुवार को लखनऊ में एनआईए कोर्ट ने ये फैसला सुनाया। इसके साथ ही कोर्ट ने दो लोगों को बरी कर दिया। बता दें कि 26 जनवरी 2018, गणतंत्र दिवस के मौके पर यूपी के कासगंज में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इस दौरान दो गुटों के बीच विवाद हो गया था। इसी बीच अभिषेक गुप्ता उर्फ चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभियोजन की ओर से 18 गवाहों को पेश किया गया वही बचाव पक्ष की ओर से 23 गवाह पेश किये गये थे।

## साजिश के आरोपों पर अनुप्रिया पटेल का पल्लवी को जवाब, बोलीं- चुप नहीं बैठेंगे, षड्यंत्र का जवाब हम...

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना



लखनऊःअपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सपा विधायक पल्लवी पटेल के भ्रष्टाचार के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी पार्टी किसी से डरने वाली नहीं है और इस साजिश के पीछे किसका हाथ है सभी कार्यकर्ता जानते हैं। अनुप्रिया पटेल ने यह भी कहा कि अगर पल्लवी पटेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मान लें और पार्टी ज्वॉइन कर लें।

। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपना दल कमेरावादी नेता और सपा विधायक पल्लवी पलेट के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हम षड्यंत्रों से घबराने वाले नहीं हैं। इसका मुंहतोड़ जवाब संगठन की ताकत से दिया जाएगा। बता दें कि पॉलीटेक्निक संस्थानों में नियम के विरुद्ध ढंग से विभाग अध्यक्ष पद पर की गई पदोन्नति को लेकर उनकी बहन और सपा विधायक पल्लवी पटेल ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। इस पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि उनकी पार्टी किसी से डरने वाली नहीं है। इस साजिश के पीछे किसका हाथ है, सभी कार्यकर्ता जानते हैं। वहीं, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने खुलकर शासन सत्ता पर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि धरना मास्टर पल्लवी किस तरह बीजेपी ज्वॉइन कर लें, वह इसके लिए रास्ता बना रही हैं। मेरी छवि को धूमिल कर और झूठे आरोप लगाकर सत्ता के करीब पहुंचने का जो चैनल उन्होंने अपनाया है, वह गलत है।

## उत्तराखंड धारा 166, 167 वादों के निस्तारण में गंभीरता दिखाएं अधिकारी, एक माह के भीतर वादों को करें निस्तारितः डीएम

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट राजेंद्र चौहान



जिलाधिकारी सविन बंसल ने देर शाम ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेज्ट में धारा 166, 167, 154, 157 के वादों की स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तहसीलों में लंबित मामलों का शीघ्र समयबद्ध तरीके से लंबित मामलों का निस्तारण करना सुनिश्चित करे।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी उपजिलाधिकारी अपनी-अपनी तहसीलों में वादों के निस्तारण की स्थिति के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही तथा निस्तारित कर वादों के निस्तारण विस्तृत रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह प्रस्तुत करें। जहां पर सम्बन्धित व्यक्ति नही मिल रहा है उसके लिए समाचार पत्रों के माध्यम से तामिली कराते हुए निस्तारण की कार्यवाही की जाए तथा इस कार्य को गंभीरता करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि वादों के निस्तारण में गंभीरता दिखाते हुए एक माह के भीतर वादों को करें निस्तारित करें साथ ही निर्देशित किया प्रभावी तामिली कराते हुए धारा 166, 167, 154, 157 के वादों को निस्तारित करते हुए गूगल सीट में अद्यतन करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिहं, उप मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, ऋषिकेश स्मृति परमार, वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## उत्तर प्रदेश में पान मसाला फैक्ट्रियों की निगरानी का दायरा और बढ़ेगा, हर जोन में बनेगी 10 से 12 अधिकारियों की टीम

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पान मसाला फैक्ट्रियों में कर चोरी को रोकने के लिए राज्य कर विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। पिछले दिनों पान मसाला से लदे चार ट्रकों को बिना ई-वे बिल के पकड़े जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। हर जोन में 10 से 12 अधिकारियों की टीम बनाई जाएगी जो फैक्ट्रियों के हाइवे से मिलने वाले रास्तों पर निगरानी करेंगी। राज्य कर विभाग अब संबंधित जोन में फैक्ट्रियों के हाईवे से मिलने वाले रास्तों पर निगरानी बढ़ाएगा। इसके लिए हर जोन में 10 से 12 अधिकारियों की एक और टीम बनायी जाएगी। पिछले दिनों पान मसाला से लदे कानपुर के पंजीकृत चार ट्रकों को बिना ई-वे बिल के पकड़े जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

**लंबे समय से जीएसटी की चोरीः** पान मसाला, गुटखा और तंबाकू सहित संवेदनशील उत्पादों में एक ई-वे बिल पर बार-बार बिक्री कर लंबे समय से जीएसटी की चोरी की जा रही थी। पिछले वर्ष राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2024 में नई धारा 122(क) को जोड़कर संवेदनशील उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के लिए अपनी मशीनों का पंजीकरण राज्य जीएसटी में कराना अनिवार्य कर दिया था।

# उत्तराखंड कांग्रेस मेयर प्रत्याशी पूजा गुप्ता ने नववर्ष के शुभारंभ पर दुर्गा मंदिर पहुंच लिया मां भगवती का आशीर्वाद

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रुक्मणी यादव



**हरिद्वार।** नगर निगम रुड़की सीट से कांग्रेस मेयर पद की उम्मीदवार पूजा गुप्ता ने नववर्ष की सुबह दुर्गा मंदिर पहुंच राहगीरों को चाय का प्रसाद वितरण किया, साथ ही उन्होंने मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र के लोगों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि ईश्वर सभी को स्वस्थ रखे और तरक्की व खुशी प्रदान करे। बता दें कि रुड़की नगर निगम सीट से मेयर पद की प्रत्याशी के रूप में प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता की धर्मपत्नी पूजा गुप्ता को कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी के रूप में उतारा गया है। पूजा गुप्ता एक पढ़ी-लिखी और शिक्षित महिला है, वह हमेशा समाज सेवा में लगी रहती है। नववर्ष 2025 के शुभारंभ पर पूजा गुप्ता अनेक महिलाओं के साथ दुर्गा चौक स्थित मंदिर पहुंची, जहां उन्होंने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया, इसके साथ उन्होंने दुर्गा चौक मंदिर पर राहगीरों को चाय का प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर पूजा गुप्ता ने कहा कि वह कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में रुड़की नगर निगम मेयर पद पर चुनाव इस उद्देश्य के साथ लड़ रही है कि वह क्षेत्रवासियों की सेवा और नगर का बेहतर विकास कर सके। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र की जनता का प्यार मिला और उनकी जीत हुई तो जिन क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि आज तक नहीं पहुंचे हैं, वहां पहुंच कर क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता पर हल करने का काम करेंगे, इसके साथ ही क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएंगी।

## बिजनौर ऑनलाइन जमा हो सकेगा हाउस टैक्सः अधिशासी अधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह



**स्योहारा।** नगर पालिका परिषद के कार्यालय में नगर पालिका अधीशासी अधिकारी ने सभासदों के मध्य स्वकर प्रणाली के अन्तर्गत ऑन लाईन कर जमा करने के संबंध में जानकारी दी गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने सभासदों से वार्ता करते हुए बताया कि वह सभी अपने अपने वार्डो से नगर पालिका की बेबसाइट पर जाकर नगर पालिका से जारी डिमांड बिल पर 17 डिजिट के नम्बर से अपना हाउस टैक्स ऑनलाईन जमा कर सकतें है। इसके अलावा नये टैक्स को लेकर आ रही समस्याओं को भी सभासदों द्वारा अधिशासी अधिकारी के समक्ष रखा गया। जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा बिन्दुवार समाधान बताया गया। साथ ही सम्बन्धित कर्मचारी को भी टैक्स में आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। बकाया और वर्तमान मॉग को अलग अलग दशार्ने पर सहमति बनी। लगभग 40 वर्षो से पालिका में टैक्स सर्वे न होने के कारण गृह स्वामियों और पालिका को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जीआईएस सर्वे स्वकर निर्धारण प्रणाली से इन समस्याओं का सटीक निस्तारण हो पाया है। अगर नये टैक्स को लेकर किसी को भी कोई समस्या हो तो वह बेझिझक पालिका कार्यालय में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकता।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शत-प्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को मिले पीएम जनमन योजना का लाभ



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) योजना का लाभ शत-प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के परिवारों को दिलाने को लेकर बोरियो प्रखण्ड के सभागार में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, संजय कुमार दास ने सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं आदि का लाभ दिलाने एवं पीवीटीजी टोलों में सड़क, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव, सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

### घर में आग लगने से हजारों की संपति जलकर राख



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महासिंगपुर पंचायत के भैंसमारी गांव में आग लगने से हजारों के की सम्पती जल कर राख हो गई। वहीं घटना के बारे में बताया गया कि सिमा देवी पति देव कुमार मंडल के घर में बुधवार की मध्य रात्रि में तेज हवा के कारण खाना बनाने के बाद चुल्हा के आग से अचानक घर में आग लग गई जिससे घर के रखे कपड़ा एवं अनाज जल कर राख हो गया।हल्ला होने पर गांव वाले की मदद से आग पर काबू पाया गया।घटना की जानकारी मिलते हैं अंचल अधिकारी के द्वारा घटनास्थल पर आकर घटना का जायजा लिया गया साथ ही राहत सामग्री पीड़ित परिवार को दिया गया। परिवार के द्वारा सरकारी लाभ देने की मांग की गई।

### विधायक प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया होटल एण्ड रेस्टोरेंट का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू ने गुरुवार को उधवा हाईस्कूल के निकट न्यू मामा होटल एण्ड रेस्टोरेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि यहां पर होटल खुलने से लोगों को सुविधा मिलेगी। वहीं न्यू मामा होटल के मालिक कालू मंडल ने बताया कि स्वादिष्ट भोजन,बिरयानी एवं फास्ट फूड आदि प्रकारों के भोजन उपलब्ध है। मौके पर पतौड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फिरोज शेख,खबीर आलम,नेहरूल इस्लाम,मो. इब्राहिम,आजाद शेख,सकल हेंब्रम, हारून रशीद सहित अन्य मौजूद थे।

### अंजली कुमारी बिहार राज्य महिला अंडर-19 क्रिकेट में सलामी

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय



बिहपुर। नवगछिया की अंजली कुमारी का चयन बिहार राज्य महिला अंडर 19 क्रिकेट टीम में हुआ।अंजली ने बताया कि बीते वर्ष जुलाई महीने में जमुई में जोनल मैच हुआ था।जिसमें मेरे अच्छे प्रदर्शन को देखकर मेरा चयन दिल्ली कैपिटल स्पोर्टस ग्राउंड दाना में होने वाले स्टेट कैंप के लिए हुआ था।मेंने स्टेट कैंप में भाग लिया।जिसके बाद 31 दिसंबर को मेरा चयन अंडर 19 महिला एक दिवसीय बीसीसीआई धरेलू टुर्नमिंट 2024-25 के लिए बिहार टीम में होने के बाद मैं एक जनवरी को पटना से बैंगलुरू पहुंच गई हूं।जहां के अल्लूर में बिहार का पहला मैच चार जनवरी को उडीसा से,दूसरा मैच छः जनवरी को मुम्बई तीसरा मैच आठ जनवरी को मेघालय से,चौथा मैच दस जानवर को बैंगलोर से,पांचवा मैच बारह को उत्तराखंड से होगा।अंजली नवगठिया जीवी कालेज में सैमस्टर टू की छात्रा है।इधर नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ के जिला सचिव सह राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि अंजली क्रिकट के साथ साथ बाल बैडमिंटन की राष्ट्रीय खिलाड़ी भी है।उसने बाल बैडमिंटन में दो बार सब जुनियर व एक बार जुनियर नेशनल भी खेला है।अंजली ने बताया कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मेरे आदर्श हैं।मुझे शिक्षा के साथ खेल में भी आगे करने में मेरे माता पिता अजीत कुमार-गुडिया देवी समेत पूरे परिवार को पूरा समर्थन है। ज्ञानदेव ने बताया कि नवगछिया बड़ी मकंदपुर की अंजली बचपन से काफी मेहनती थी।

# टेनिस क्रिकेट वाईसीसी चैलेंजर्स ट्रॉफी : बलिया ने वाईसीसी को हराकर फाइनल पर किया कब्जा

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
बिहपुर। प्रखंड मैदान पर चल रहे टेनिस क्रिकेट वाईसीसी चैलेंजर्स ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला शांतिनिकेतन बलिया वर्सेस वाईसीसी जूनियर के बीच खेला गया। शांतिनिकेतन बलिया के कप्तान गौतम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 209 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें बेगूसराय के तरफ से आदर्श ए ड ने 101 और सोनू सबोरा 53 का योगदान दिया।

वाईसीसी जूनियर के तरफ से अमित और कृष्ण ने दो-दो विकेट अपने नाम किया।वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए वाईसीसी जूनियर टीम नाकामयाब रही। नवीन सिंह ने 33 और संतोष राणा ने 31 रन बनाया बेगूसराय बलिया के तरफ से सोनू सबोरा और दानिश ने दो-दो विकेट अपने नाम किया वन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार शक वीर आदर्श ए डी को दिया गया मैन ऑफ द सीरीज किशन कुमार को दिया गया अंपायर की भूमिका में मिलन और रोशन थे वही कमेंटेटर की भूमिका में नीतीश अंशु और इसको और प्रहलाद कुमार थे। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी उत्तम कुमार, राजद नेता अवनीश कुमार, रामजानकी



ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास, पैक्स अध्यक्ष कुणाल कुमार उर्फ भानु झा, एमसीसी टीम के अध्यक्ष सह पूर्व क्रिकेटर बैजनाथ झा उर्फ बैजू राजा अन्य अतिथि उपस्थित हुए। दोनों टीम के खिलाड़ीयों के बीच समाजसेवी उत्तम कुमार,महंत नवल किशोर दास एवं पैक्स अध्यक्ष भानु झा द्वारा पुरस्कार भी दिया गया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महंत नवल किशोर दास ने कहा कि बेहतर खिलाड़ी वही होता है जो हार के भी सीखता हो और आगे बढ़ता है। समाजसेवी उत्तम कुमार ने कहा कि खेल में खिलाड़ियों का सबसे बड़ा



अनुशासन व एक दूसरे खिलाड़ीयों का भाईचारा होना बहुत जरूरी होता है। क्रिकेट एक लोकप्रिय खेल है युवा क्रिकेट काफी पसंद करते है।वही उत्तम कुमार ने इस आयोजन के लिए कमेटी को धन्यवाद भी दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला आया प्रकाश में



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा। थाना अंतर्गत हाई स्कूल के समीप एस.बी ऑटो पाट्र्स मोटर साइकिल के दुकान पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक के पहचान किशन रवानी,उम्र-20 वर्ष,पिता-अजीत रमानी कहारपाड़ा के रूप में हुआ है। एस.बी.ऑटो पाट्र्स मोटरसाइकिल के दुकान मालिक उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि मृत अजीत रवानी पिछले 10 महीने से मेरे दुकान में मिस्त्री के रूप में काम कर रहा था। कल 1 जनवरी रहने के कारण दुकान बंद था।

दुकान का चाभी उसी के पास रहता था। कल लगभग शाम 7:00 बजे से उनके मोबाइल में फोन लगा रहे थे। मगर एक बार भी फोन रिसीव नहीं हुआ।इसके बाद आज अपने दुकान जाकर देखा कि सामने का शटर गेट में दोनों साइड ताला लगा हुआ पाया वही दूसरे साइड गेट के पास जाकर देखा कि अंदर से गेट बंद है। इस समय गेट का लोक काट कर अंदर देखा कि मृतक अजीत रवानी का शव रस्सी के सहारे झूलते हुए पाया। जिसकी जानकारी बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को सूचना दिया। वहीं थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले का छानबीन शुरू कर दी। और शव को अपने कब्जे में लेकर राजमहल पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। वही इस मामले मे यूडी केश दर्ज कर आगे के कारवाई की जा रही है।

## विधायक प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया होटल एण्ड रेस्टोरेंट का शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू ने गुरुवार को उधवा हाईस्कूल के निकट न्यू मामा होटल एण्ड रेस्टोरेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि यहां पर होटल खुलने से लोगों को सुविधा मिलेगी। वहीं न्यू मामा होटल के मालिक कालू मंडल ने बताया कि स्वादिष्ट भोजन,बिरयानी एवं फास्ट फूड आदि प्रकारों के भोजन उपलब्ध है। मौके पर पतौड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फिरोज शेख,खबीर आलम,नेहरूल इस्लाम,मो. इब्राहिम,आजाद शेख,सकल हेंब्रम, हारून रशीद सहित अन्य मौजूद थे।

## सीएम की प्रगति यात्रा को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा से संबंधित की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में गुरुवार को किया गया। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा हर घर नल का जल योजना अंतर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन एवं शहरी क्षेत्र में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं मरम्मत अनुरक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक की गई।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत सिंचाई का पानी योजना अंतर्गत लघु जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग अंतर्गत कृषि फीडर के निर्धारित लक्ष्य एवं उनके विरुद्ध उपलब्धि, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, शिक्षा विभाग अंतर्गत उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को




प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री महिला प्रोत्साहन योजना इंटरमीडिएट एवं स्नातक ,स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा व्यवस्था तथा पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी ,पंचायत सरकार भवन अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि ,हर पंचायत में 10+2 विद्यालय की समीक्षा ,प्रत्येक ग्राम पंचायत/ नगर पंचायत में खेल को बढ़ावा देने हेतु क्लब के गठन से संबंधित समीक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत कुल बसावट के विरुद्ध निर्माणधीन सड़कों की समीक्षा, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य एवं स्वीकृत पुलों की समीक्षा, जीविका अंतर्गत समूह के गठन का लक्ष्य एवं उसके विरुद्ध उपलब्धि की समीक्षा, जल जीवन हरियाली अंतर्गत सार्वजनिक जल अवसंरचनाओं के जीर्णोद्धार इत्यादि से संबंधित समीक्षा बैठक की गई तथा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी ,नगर आयुक्त के डी प्रोज्ज्वल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सिविल सर्जन समस्तीपुर ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी सम्बंधित विभागों के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का किया गया वितरण

लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। साहिबगंज जिलें में पड़ रही कडकड़ाती ठंड में लोग अपने परिवार के साथ घरों में बैठे हैं।

वही इस कड़ाके की ठंड में गरीब बेबस बेसहारा लोगों के लिए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एखलाक नदीम अपने टीम के साथ साहिबगंज रेलवे स्टेशन के आस पास सहित अन्य जगहों में घूम घूम कर लगभग दो दर्जन से अधिक गरीब लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर युवा अध्यक्ष एखलाक नदीम ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अधिक ठंड पड़ने पर वे और उनके कार्यकर्ता गरीब एवं असहाय लोगों को कम्बल बाटने का कार्य करते आ रहे है।

इस वर्ष भी कांग्रेस के द्वारा कम्बल बांटने का काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी किसी गरीब को कम्बल की आवश्यकता पड़ी तो वे और उनके कार्यकर्ता गरीबों के बीच कम्बल बांटने का काम करेंगे ताकि इस ठंढ में



लोगों को कुछ राहत मिल सके।मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 2 बिहार गर्ल्स बटालियन एनसीसी का नया नाम बदला गया

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
बिहपुर। सैंडिस कंपाउंड स्थित दो बिहार गर्ल्स बटालियन ठउउ भागलपुर का अब नया नाम 47 बिहार बटालियन ठउउ भागलपुर हो गया है । ऑल इंडिया एन सी सी विस्तार योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत दो बिहार गर्ल्स बटालियन को सर्वप्रथम एक मिश्रित बटालियन बनाने का गौरव प्राप्त हुआ है जिसमें अब अधिकतम 33 पर्सेंट लड़के भी ठउउ में प्रवेश ले सकेंगे । वस्तुतः मिश्रित बटालियन का यह नव-नामकरण युक्त ठउउ यूनिट प्रमुखतः गर्ल्स बटालियन के तौर पर ही कार्य करती रहेगी फिर भी ठउउ में प्रवेश के समय लड़कियों की कमी को पूरा करने हेतु कुछ लड़कों का भी रिक्त स्थानों पर प्रवेश मिल सकेगा ।

इस परिप्रेक्ष्य में यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार पाठक ने हमें बताया के NCC ग्रुप भागलपुर के कमांडर ब्रिगेडियर संजीव चोपड़ा एवं



एनसीसी डायरेक्टोरेट बिहार और झारखंड के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल ए एस बजाज के दिशा निर्देशन में उक्त ठउउ विस्तार का कार्य सुचारु रूप से सफल हो सका । इसके तहत इसी वर्ष नए विद्यालयों में 20 एन सी सी के ट्रूप्स की सबयूनिटें खड़ी कर दी गई है । यद्यपि बहुत ही कम समय में यह कठिन कार्य सीमित स्टाफ़ के रहते हुए भी संपादित कर दिया गया । इन बीसों विद्यालयों में ठउउ कैडेटों की आफलाइन व ऑनलाइन एनरोलमेंट भी लगभग पूरा हो चुका है । कर्नल पाठक साहब ने सभी ढकस्टाफ़ एवम् सिविल स्टाफ़ के अथक परिश्रम से सम्पन्न हुए इस कार्य हेतु ढेरों शाबाशी दी । 47 बिहार बिहार बटालियन ठउउ भागलपुर नामकरण के शुभ अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए कैडेटों ने एक रैली निकाली तथा यूनिट के नए ध्वज तले सम्मान गारद का ड्रिल अभ्यास भी किया । तत्पश्चात् संछिप्त जलपान का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कमान अधिकारी सभी आगंतुकों को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी तथा नए विस्तारित यूनिट में बढ़ी हुई ज़िम्मेदारियों को मुस्तैदी से निभाने हेतु सभी का आह्वान किया।

## भागलपुर के नए पुलिस कप्तान ने पदभार ग्रहण के बाद किया नगर का पैदल मार्च

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। भागलपुर के नए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हृदयकांत ने पदभार ग्रहण करने के अगले ही दिन शहर का पैदल मार्च कर लोगों से सीधा संवाद किया। करीब एक घंटे के इस मार्च में उन्होंने घंटाघर से स्टेशन चौक, दवाई पट्टी और कोतवाली चौक तक का जायजा लिया।

मार्च के दौरान उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से बातचीत की और उनके व्यवसाय की स्थिति के बारे में जानकारी ली। एसएसपी ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें अपना काम बिना किसी डर के करने



देगी। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें।इसके अलावा, एसएसपी ने शहर के विभिन्न हिस्सों का भौगोलिक अध्ययन किया और यातायात व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी से शहर के विभिन्न रास्तों पर ऑटोरिक्शा की आवाजाही के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एसएसपी ने शहरवासियों को यह संदेश दिया कि पुलिस उनके साथ है और वे उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने अपराधियों को भी चेतावनी दी कि वे अब पुलिस की नज़रों से बच नहीं पाएंगे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण करने वालों को भी चेतावनी दी।

## ईश्वरीय शांति मानव के अपने हृदय में ही निवास करती है: प्रेम रावत

लोकतंत्र की आबाज

समस्तिपुर। मोरवा नव वर्ष के आगमन पर मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत चकपहार पंचायत के कमतौल गांव में राज विद्या केंद्र के प्रांगण में प्रेम रावत का शांति का संदेश कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट आयोजित किया गया। अखिल ब्रह्मांड को चलाने वाले ईश्वर और ईश्वर की शांति मानव के अपने ही हृदय में अवस्थित है। लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से यह बातें कहीं अंतर्राष्ट्रीय शांति वक्ता डॉक्टर प्रेम रावत ने राज विद्या केंद्र पर आयोजित सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए।

जानकारी के अनुसार मोरवा प्रखंड के चकपहाड़ पंचायत अंतर्गत कमतौल गांव के राज विद्या केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय शांति वक्ता डॉक्टर प्रेम रावत जी के सत्संग समारोह का आयोजन किया गया था। जहां इस कार्यक्रम को सुनने के




लिए करीब 15 से 20 किलोमीटर क्षेत्र के एवं आसपास हजारों श्रद्धालु उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सुना। वहीँ प्रेम रावत के द्वारा मानव को प्रेरणा दी गई इस संसार के सभी कामों को भगवान का काम समझते हुए जब किया जाता है तब वह सारे काम पूजा बन जाती है। इस प्रकार सभी सांसारिक कामों में भगवान को का काम समझ कर करने

**● राजविद्या केन्द्र पर सत्संग समारोह कार्यक्रम आयोजित**

से ही मनुष्य के हृदय में ईश्वर का निवास हो जाता है , और ईश्वरीय शांति की प्राप्ति होती है। समारोह के संयोजक शिक्षक सुरेश राय व संचालन अखिलेश प्रसाद राय के नेतृत्व में स्थानीय सैंकड़ो कार्यकर्ताओं के द्वारा मौके पर उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सहायता की गई। आए हुए श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए मेडिकल कैंप एंबुलेंस की सुविधा आदि की व्यवस्था थी। मौके पर स्थानीय विधायक रणविजय साहू, रालोमो जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद, पूर्व जिला पार्षद राजकेश्वर पासवान, प्राचार्य डॉ भोला प्रसाद चौरसिया, सहित हजारों सत्संगी श्रद्धालु स्त्री पुरुष एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, भागलपुर रेफर



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।पीरपैंती के सिमान पुर मोड पर बोलेरो और बाइक सवार दो में हुआ भीष्ण टक्कर।मौके पर मौजूद पत्रकार राहुल गोस्वामी और उनके सहयोगी के द्वारा रेफरल अस्पताल पीरपैंती लाया गया। जहां डॉक्टर कृष्ण कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बाइक सवार को भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया गया।बाईक सवार बड़ी दिलौरी गांव निवासी बताया गया। जिसका नाम अंकीत यादव उम्र 22 साल, पिता अमरेश यादव, लड़का पोस्ट आफिस में दैनिक वेतन भोगी के पद पर कार्यरत था । वही बोलेरो का ड्राइवर फरार हो गया।बोलोरो के उपर मेधा डेयरी का बोर्ड लगा हुआ है ।,मौके पर 112 की गाड़ी भी पहुंची। बाइक और बोलेरो को पीरपैंती थाना ले जाया गया।

### सप्ताह ध्यान साधना शिविर का समापन



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत महर्षि मेंहीं हृदय–पीठ में चल रहे सप्ताह ध्यान–साधना–शिविर का समापन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में साधक और सत्संगी नियमित रूप से सम्मिलित होते रहे। समापन–समारोह में प्रबंधक सह आचार्य डॉ. परमानंद साहब ने बताया कि ध्यान और सत्संग के द्वारा मानव–मूल्यों का विकास होता है।जो वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से प्रेरित होकर मानव मात्र का कल्याण करता है। वहीं पूरे सप्ताह भर मंच–संचालन परशुराम यादव ने तथा भजन–गायन का कार्य लक्ष्मण दास ने किया। सभी भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था भक्तों के सहयोग से प्रबंधक द्वारा की जाती रही।

### नए साल में नगर परिषद की 11 योजनाएं प्रस्तावित



समस्तीपुर। दलसिंहसराय नगर परिषद द्वारा नए वर्ष 2025 में प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्यवन हेतु बिभिन्न वार्डो से चयनित ग्यारह योजनाएं कार्यान्वित की जानी है। उक्त जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्ययपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार ने बताया कि इन योजनाओं में सम्राट अशोक भवन का निर्माण, वार्ड 12 में थाना पोखर, वार्ड 17 गोसपुर में पठान टोला पोखर, वार्ड 18 में चकदेवी पोखर, वार्ड 22 में देता पोखर एबं खैरवन पोखर स्थित तालाब का सुदृढ़ीकरण एबं सौंदर्यीकरण कार्य, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत लगभग 2200 लाभार्थियों को आवास हेतु अनुदान उपलव्ध कराना, पूरे नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख चौक चौराहे पर सीसीटीवी संस्थापन कार्य, नगर परिषद के सभी इंट्री पॉइंट पर स्वागत द्वार का निर्माण, मंसूरचक रोड में नगर परिषद सीमान तक पक्का नाला निर्माण, नगर परिषद के वार्ड 9 एबं 8 में मस्जिद से मो इस्लाम के घर होते हुए परवेज आलम के घर तक नाला निर्माण के अलावे नगर परिषद के सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक अन्य कार्य कराया जाना शामिल है।

# गया : ब्रह्माकुमारी सिविल लाइंस सेवाकेंद्र में नए वर्ष में अवसर पर किया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

### व्यवहारिक जीवन में मन में अनेक विचार तथा बातें भी आती है



**गया ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सिविल लाइंस सेवाकेन्द्र, गया ,में नये वर्ष केआगमन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए अरुणा कुमारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, गया ने कहा कि प्रत्येक वर्ष नए साल को बेहतर और खुशनुमा बनाने के लिए हम सभी कई शुभ संकल्प, विचार व वायदे अपने आप से करते हैं। परंतु व्यवहारिक जीवन में मन में अनेक विचार तथा बातें भी आती है। उनमें से बहुत से संकल्प सकारात्मक, नकारात्मक, दुढ़ व कमजोर होते हैं। नकारात्मक या कमजोर संकल्प हमें जीवन में आगे नहीं बढ़ने देते। संबंधों पर भी हमारी सोच का गहरा प्रभाव पड़ता हैं। इसलिए इस नये वर्ष के अवसर पर हमें अपनी संकल्प शक्ति को शुभ एवं सकारात्मक बनाने की आवश्यकता है तभी सबके जीवन में सुख शांति और समृद्धिध आएगी। आपने संकल्पों को शक्तिशाली व सकारात्मक बनाने में राजयोग का अभ्यास बहुत ही लाभकारी हैं।इस कार्यक्रम में उपस्थित डा० भोला नाथ पांडे ऑर्थोपैडिस्ट सर्जन ने कहा व्यवहार अगर अच्छा है तो मन ही मंदिर है। आहार अगर अच्छा है तो तन ही मंदिर है। विचार अगर सकारात्मक है तो मस्तिष्क ही मन्दिर है यह तीनों अगर अच्छे हैं तो जीवन ही मंदिर है। कितनी खुबसूरती से परमात्मा हमारी जिन्दगी में एक एक दिन जोड़ता है इसलिए नहीं कि हमें उसकी जरूरत है, शायद इसलिए कि किसी और को आपकी ज्यादा जरूरत है। इसलिए अपने जीवन को नववर्ष में नए तरीके से जीने के लिए स्वयं को प्रेरित कर सकते हैं। शांति और सम्पन्नता के लिए सभी मानव प्रार्थना करते हैं।तो इस नये वर्ष में आध्यात्मिक शक्ति को पहचान कर पवित्रता, प्रेम, सच्चाई व खुशी के दिव्य गुणों द्वारा हम सभी अपना योगदान दे।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा० बिनोद केसरी , इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉक्टर ने कहा नए वर्ष में ब्रह्माकुमारीज के आत्म जागरूकता, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक शक्ति पर आधारित जीवन प्रबंधन के मंत्र को जीवन में आत्मसात कर इसे यादगार बना सकते हैं, जो जीवन के प्रति नया दृष्टिकोण विकसित कर उसे प्रेरक और सफल बना देगा। ब्रह्माकुमारीज की शिक्षाऐं जीवन के हर पहलू को बेहतर ढंग से समझने और प्रबंधित करने का मंत्र देती है। इसके साथ ही साथ जीवन को स्थाई रूप से बदलने की क्षमता रखती है। इन शिक्षाओं में छिपा जीवन प्रबंधन का अमृत मंत्र हमें सच्ची खुशी, शांति और सफलता प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित आयकर कार्यालय गया, के सुधीर व्यास , कार्यालय अधीक्षक, ने भी अपने विचार प्रकट किए और बताया कि नूतन वर्ष हमे अपने अंदर परिवर्तन का संदेश लेकर आता है तो सबसे पहले हमे अपने मन में निरंतर उठने वाले विचारों अथवा संकल्पों को शुभ एवं पॉजिटिव करने की आवश्यकता है।वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकूमारी शिला बहन ने कहा बड़े हर्ष का समय है नये वर्ष के साथ नवयुग का भी आगमन हो रहा है। अब पुराना वर्ष बीतने के साथ–साथ अब अपने स्वार्थ व अहंकार रूपी पुराने संस्कारों को परिवर्तन कर इस संसार को बदलना है। शीघ्र ही स्वर्णिम दुनिया हम सबकी नजरों के सामने होगी। आध्यात्म की अमृत वर्षा से सुखमय संसार शीघ्र आयेगा। आज के अशांत समय में भारत की ओर विश्व, आशा की नजर से देख रहा है और पिता परमात्मा भी अविनाशी ज्ञान योग की सौगात मानव को प्रदान कर रहे हैं। इस नये वर्ष में अनेक चुनौतियों के वावजूद हमें नैतिक मूल्यों की पुर्नस्थापना हेतु निर्मल निःस्वार्थ सेवा भावना की कलम लगानी है ताकि भावी पीढी व हमारा भविष्य नयी सुबह का नया सूरज देखे – यही समय की पुकार है।इस कार्यक्रम की शुरूआत राजयोग गाईडेड मेडिटेशन के द्वारा किया गया है। बालकलाकार केद्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया है इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के खेलों का आनन्द सभी उपस्थित लोगों ने लिया। ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने राजयोग से संबंधित प्रश्नावली का विमोचन किया जिसे उपस्थित लोगों ने खूब आनंद उठाया है । बी के आकाश ने एक सुंदर कविता प्रस्तुत किया तथा साथ में कुछ चुटकुले भी सुनाए । नए वर्ष का स्वागत कैंडल लाइटिंग करके तथा केक काटकर किया गया है। इस कार्यक्रम में जितेंद्र छोटन साई जी उपिस्थत थे।

## डेरी फार्म के उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों की हुई उपस्थित



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर ।** मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत चकपहाड़ पंचायत के वार्ड संख्या 7 में समाजसेवी भोला प्रसाद राय, रविंद्र प्रसाद राय पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार राय, उप मुखिया चंदन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि अविनाश राय, वार्ड सदस्य अरुण शर्मा,अरविंद कुमार राय आदि के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर नारियल फोड़कर वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच आलोक डेरी फार्म का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी भोला प्रसाद राय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में डेरी फार्म खुलने से क्षेत्र के किसानों को काफी सहूलियत होगा। डेरी फार्म का डेरी फार्म का संचालक सुरेंद्र राय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से यह डेरी फार्म खोला गया है। यहां दर्जनों लोगों को काम मिलेगा जिससे बेरोजगारी क्षेत्र के लोगों को दूर होगा। मौके पर रविंद्र प्रसाद राय, पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार राय, उप मुखीया चंदन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि अविनाश राय, समाजसेवी भोला प्रसाद राय, अरविंद कुमार राय, राकेश कुमार यादव, अरुण कुमार शर्मा, बृजमोहन यादव, अमरजीत कुमार, मंजय लाल यादव, राजद पंचायत अध्यक्ष रामचंद्र राय सहती दर्जनों लोग मौजूद थे।

## शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर विशाल कलश यात्रा निकली गई।



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** श्री 108 श्री बाल संत त्यागी जी महाराज के तत्वाधान में 161वां शिव शक्ति महायज्ञ का कलश यात्रा पंचकठिया चौक रक्सी गांव मध्य विद्यालय के प्रांगण में भव्य कलश यात्रा निकाला गया। जो रक्सी गांव से होते हुए पंचकठीया चौक से होते हुए सिंघी नदी में जल भरकर बरहेट थाना के बगल से वापस यज्ञ स्थल आया।त्यागी महाराज ने बताया कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है।इस यज्ञ में मुख्य कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न लोग शामिल हुए।प्रेम प्रकाश ,नागराज ,वीरेंद्र साह, मिलन पंडित, दिनेश पंडित ,राजू शाह, दुर्योधन शाह ,सूरज जायसवाल ,पंकज चौधरी, बजरंगी ठाकुर, विनोद केवट मिथुन केवट ,विक्की केवट, अखिलेश शाह ,जितेन शाह, शिव कुमार ठाकुर, गणेश पंडित कलश यात्रा में शामिल हुए।

## रजौली:बस पर लदे हजारों की संख्या में शराब के खाली बोतल,क्यूआर कोड व रैपर बरामद दो चालक एवं एक खलासी गिरफ्तार,बस जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** बिहार में शराबबंदी के बाद से शराब एवं शराब धंधेबाजों को उत्पाद बलों एवं पुलिस बलों के द्वारा पकड़े जाने की कवायद जारी है।इसी बीच बिहार में शराबबंदी के बाद शराब की खाली बोतलें,बोतलों पर रहने वाले कम्पनी के स्टीकर,ढक्कन व क्यूआर कोड समेत अन्य चीजों का आयात दूसरे राज्यों से किया जा रहा है।इससे यह स्पष्ट हो पाता है कि शराबबंदी वाले बिहार में विदेशी शराब का निर्माण चोरी–छिपे बड़े तादाद में किया जा रहा है।उत्पाद बलों ने नए वर्ष में कलकत्ता से पटना जा रही एक बस से भारी मात्रा में शराब की खाली बोतलें,रैपर,ढक्कन,क्यूआर कोड समेत अन्य चीजों को बरामद किया है।साथ ही बस को जब्त करते हुए दो चालकों एवं एक खलासी को गिरफ्तार किया है।उत्पाद



अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि रजौली चेक पोस्ट के उत्पाद टीम ने नववर्ष के पहले दिन सुबह 9 बजे दयान एंड कंपनी की एक बस जो कोलकाता से पटना चलती है। बस जांच के क्रम में उसके छत पर लगे हुए कई बोरों में विदेशी शराब पैक की जाने वाली सीग्राम कंपनी का खाली बोतल,बोतल का ढक्कन , बोतल पर चिपकाए जाने वाला रॉयल स्टैग एवं ब्लेंडर्स प्राइड व्हीस्की का लेवल और ढक्कन पर लगाए जाने वाला क्यूआर कोड का स्टीकर हजारों की संख्या में बरामद किया है।इस दौरान बस के दो चालक एवं एक खलासी को गिरफ्तार किया है।वाहन जांच में बरामद की गई सामग्री में विदेशी शराब ब्रांड का बोतल शीशा वाला 1559 पीस,प्लास्टिक का खाली बोतल 2974 पीस, बोतल का ढक्कन 3008, ब्रांडेड कंपनी का लेबल 3044 पीस एवं क्यूआर कोड का स्टीकर 2982 पीस है।बरामद किये गए बोतल में अधिकांश रॉयल स्टैग व्हिस्की और ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की की बोतल है।वहीं गिरफ्तार बस चालकों में नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सोनसहारी गांव निवासी हैदर अली के पुत्र मो फिरोज आलम व अकबरपुर थाना क्षेत्र के पिथौरी गांव निवासी मो मतीन खान के पुत्र मो मोहसिन खान एवं खलासी वारसलीगंज थाना क्षेत्र के कटरी गांव निवासी स्व किशोरी सिंह के पुत्र अरविंद सिंह है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बरामद सामग्री विदेशी शराब की अवैध पैकिंग के लिए परिवहन किया जा रहा था।पूछताछ में चालक ने बतलाया कि यह सारा सामान पटना जिला जा रहा था,आगे उसने यह भी बताया कि कोलकत्ता के बाबू घाट बस स्टैंड में बुकिंग एजेंट के द्वारा यह सारा सामान बुक कराया गया था,जिसे पटना के पहाड़ी पर स्थित इस कंपनी का बस स्टैंड स्टार हॉस्पिटल के समीप के बुकिंग एजेंट सज्जन कुमार के माध्यम से डिलीवरी होनी थी।इस शराब निर्माण से संबंधित सभी सामग्रियों के तस्करी में सम्मिलित सभी लोगों को आरोपित कर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30, 30 डी, 41, 47, 48 एवं 52 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। जांच दल अभियान का नेतृत्व उत्पाद एएसआई सौरव कुमार द्वारा किया गया।

## बच्चे का पता नहीं और सोहर गा रहे राजद नेता : प्रभाकर मिश्र 2025 में महागठबंधन को 25 सीटें भी नहीं होगी नसीब

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने 'नये साल में बिहार में नयी सरकार' के तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि नये साल में नये सपने देखने का अधिकार सभी को है, तेजस्वी यादव भी नये सपने जरूर देखें, लेकिन इतना भी बड़ा सपना न देख लें, जो कभी पूरा न हो। बड़े सपने देखने वालों को बड़ी हताशा भी होती है। तेजस्वी यादव को 2025 में बहुत बड़ा झटका लगेगा और उन्हें बड़ी हताशा हाथ लगेगी। मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद नेताओं की बड़ी विचित्र स्थिति है, पार्टी के बूढ़े और जवान सभी अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। बच्चे का कहीं अता–पता नहीं और ये लोग सोहर गाने में जुटे हैं। कोई दरवाजा खुला रखने की बात कर रहा, तो कोई दरवाजा बंद रखने की। दरवाजा आपका है, खोलकर रखें या बंद कर रखें या हमेशा के लिए तोड़ दें, आपकी मर्जी। लेकिन, जितना फेंकेंगे, उतना समेटना भी पड़ेगा। जनता के सामने रायता फैलाएंगे, तो खुद ही गिरेंगे। बिहार की जनता किसी का उधार नहीं रखती, जो जैसा करता है उसे उसका नतीजा जल्दी ही चुका देती है। राजद और महागठबंधन के दूसरे दलों ने जो बिहार के साथ किया है, उसका प्रतिफल तो उसे भोगना ही होगा। मिश्र ने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को 25 सीटें भी हासिल नहीं होने वाली। ईकाई का आंकड़ा भी राजद नहीं पार करेगा। नया साल महागठबंधन को नया सबक सिखाएगा।

## पकरीबरावां: खुदरा गल्ला व्यवसायी संघ के 30वां वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** सत्येंद्र साव चुने गए खुदरा गल्ला व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंदिर परिसर में गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर खुदरा गल्ला व्यवसायी संघ पकरीबरावां का 30वां वर्षगांठ मनाया गया। इस बीच सम्मान समारोह आयोजित कर आमंत्रित प्रखंड के प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों, बैंक के अधिकारियों, पत्रकारों एवं खुदरा गल्ला व्यवसायी संघ के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। उन्हें फूल माला, बुके एवं डायरी– पेन देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में आमंत्रित पदाधिकारियों ने संघ के सदस्यों की तारीफ की। कहा संघ लगातार 30 वर्षों से एकजुट होकर व्यवसायी हित में जो कार्य कर रहा है, सराहनीय है। कहा संगठन इसी तरह एकजुट होकर कार्य करता रहे। सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य करने पर भी बल दिया गया। थाना ए व ं ब ा ै ं क से आए अधिकारियों ने व्यवसायियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी तरह की समस्या अथवा सहयोग की आवश्यकता हो, तो सीधे संपर्क करें। निश्चित तौर पर सहयोग मिलेगा।इससे पहले संगठन के कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से कार्यकारिणी का गठन किया गया। सत्येंद्र साव को खुदरा गल्ला व्यवसायी संघ पकरीबरावां का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, गोपाल साव को उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार को कोषाध्यक्ष तथा गणेश साव, सतीश साव, विनोद साव व आकाश साव को सचिव मनोनीत किया गया। लक्ष्मण चौहान को संगठन का मुख्य संरक्षक जबकि ईश्वरी साव एवं शैलेन्द्र साव को मुख्य सलाहकार मनोनीत किया गया। इसके साथ ही 12 सदस्यों वाली कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुरेश प्रसाद, अमृत साव, श्यामसुंदर साव, कृष्णा साव, नरेश साव, राजेश साव, रौशन कुमार, महेंद्र लाल, लक्ष्मण साव, पप्पू साव, गोपाल साव एवं शंभू को शामिल किया गया। निर्वाचित अध्यक्ष एवं मनोनीत सदस्यों को अधिकारियों एवं व्यवसायियों ने संगठन को बेहतर चलाने के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह में बीडीओ मृत्युंजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार, एसआई कन्हैया कुमार, पीएनबी के शाखा प्रबंधक रानू कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि रहे मनोज साव, साहू समाज के अध्यक्ष शिव दास, किसान भूषण से सम्मानित नागेंद्र कुमार, आभा भारत गैस के पंकज सिंह, वारिसलीगंज कमिटी के कंचन साव, प्रमोद साव, संतोष साव आदि थे।

## सावित्री बाई फुले की जयंती आज मनाई जाएगी केंद्रीय राज्य मंत्री डा राजभुषण निषाद होंगे शामिल

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**गायघाट ।** प्रखंड की बलहा में 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई जाएगी । इसको लेकर सारी तैयारी पुरी हो गई है। जानकारी देते हुए दिनेश सहनी आजाद गांधी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य जल मंत्री डाक्टर राजभुषण निषाद चौधरी शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार आज के ही दिन महाराष्ट के सतारा जिले के एक छोटे से गांव में सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ था. भले ही आज की तारीख आपको आम दिनों की तरह सामान्य लगे. लेकिन आज वह दिन है जब केवल सावित्रीबाई फुले का ही जन्म नहीं हुआ बल्कि उनके साथ जन्म हुआ नारी शिक्षा और नारी मुक्ति आंदोलन का भी.सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 में महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था. उन्होंने समाज सेविका, कवयित्री और दार्शनिक के तौर पर पहचान बनाई. खुद को शिक्षित करने के साथ ही उन्होंने अन्य महिलाओं को शिक्षित करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और देश का पहला बालिका विद्यालय खोला. भले ही धीरे–धीरे समय बीतता जा रहा है. लेकिन सावित्रीबाई फुले के योदगान को हमेशा याद किया जाता रहा है।

## रजौली :दिया के चोरडीहा समेत अन्य पांच गांवों में 6 माह से नहीं जले बल्ब

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली ।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया ग्राम पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के पार चोरडीहा,कोसदरीया,नावाडीह,झारही,डे ल ा व ा , ि प ा र ा , ि प छ ल ी जमुनदाहा,परतौनिया व चरघरवा गांवों में सैकड़ों घर हैं और वहां हजारों की संख्या में आबादी है।उसके बावजूद यहां बिजली,सड़क,सिंचाई,पेयजल,राशन एवं दूरसंचार आदि आधारभूत सुविधा नदारद है।आज के तकनीकी युग मे गांवों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है,कि इस गांव में वर्षों से कोई विकास कार्य नहीं हुआ है।दरअसल ये गांव प्रखण्ड मुख्यालय से 15 से 20 किलोमीटर दूरी पर जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में बसा हुआ है।सुदूरवर्ती गांवों में संचालित सरकारी योजनाओं का हाल–चाल जानने के लिए पदाधिकारियों का आवागमन कम होता है।जिससे विकास की रफ्तार काफी धीमी पड़ी हुई है।सोलर पैनल के खराब होने से 6 महीनों से छाया है अंधेरा हरदिया पंचायत के उक्त गांव बिहार–झारखण्ड के सीमावर्ती है,जहां बिहार सरकार द्वारा बिजली नहीं पहुंचाया गया एवं झारखण्ड सरकार द्वारा बिजली नहीं दिया जाता है।ग्रामीण आपस मे चंदा करके कुछ पैसे झारखण्ड के बिजली कर्मियों को देते हैं,तो वे उन्हें बिजली का उपभोग करने की अनुमति देते हैं,किन्तु पैसे नहीं दिए जाने पर बिजली काट दी जाती है।वहीं उक्त गांवों में एयरटेल के एक भी टावर नहीं है,जिसके कारण लोगों को बातचीत करने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं सरकार द्वारा जारी आवश्यक टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क भी स्थापित नहीं हो पाता है।गांव में बिजली,सड़क,पेयजल,सिंचाई,मोबाइल टावर आदि की सख्त आवश्यकता है।वहीं शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति भी काफी दयनीय है।इन आधारभूत सुविधाओं के बिना ग्रामीणों का विकास होना असंभव सा प्रतीत होता है।ग्रामीण चोरडीहा गांव निवासी रेशमी देवी ने बताई बीते 5–6 माह से गांव में बिहार सरकार द्वारा लगाया गया सोलर पैनल खराब है,जिसके कारण बिजली बाधित है।गांव में दिन में तो अच्छा लगता है,किन्तु शाम होते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है।इस कारणवश गांव की अधिकांश औरतें रात का खाना दोपहर को ही बना लेती हैं। ग्रामीण चोरडीहा गांव निवासी संजू देवी ने बताई कि सोलर पैनल के खराब होने की शिकायत किये जाने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है।गांव के लोग चाइनीज इमरजेंसी छोटी लाइटों का उपयोग कर किसी तरह जीवन व्यतीत कर रहे हैं।उन्हें विश्वास है कि जिलाधिकारी उनकी बातों को समझकर नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक कदम जरूर उठाएंगे।मंत्री और जिलाधिकारी द्वारा सर्वे के बाद भी सुविधा नदारद ग्रामीण रामबालक प्रसाद,उपेन्द्र कुमार सिंह,मुनान सिंह,अखिलेश कुमार,अशोक कुमार सिंह आदि ने बताई कि आजादी के 75 वर्षों से भी अधिक समय बीत चुका है।किंतु उन्हें अबतक बिजली,सड़क,पेयजल आदि जरूरी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।ग्रामीणों के पास सिंचाई के साधन हैं,किन्तु सरकार द्वारा चलाई गई कई योजना अधूरा पड़ा हुआ है।उन्होंने कहा कि बीते 15 नवंबर 22 को ग्रामीणों ने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री को लिखित आवेदन देकर सुविधा बहाल करने की गुहार लगाई थी।जिसके आलोक में 17 नवंबर को जिलाधिकारी नवादा के निर्देश पर प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों की टोली मुखिया समेत गांव आकर सर्वे किये,जिसका कोई परिणाम उभरकर सामने नहीं आया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।एक बार पुनः ग्रामीणों ने गांवों में बिजली पहुंचाने,पीडीएस की दुकान,चोरडीहा से डेलवा तक 5 किमी पक्की सड़क,चोरडीहा से नावाडीह व झरही तक पक्की सड़क,गांवों में सिंचाई की व्यवस्था,रजौली से पिछली जमुनदाहा तक पक्की सड़क,एक एयरटेल टावर की व्यवस्था समेत अन्य जरूरी मुद्दा है। मांग नहीं पूरा होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं वोट का बहिष्कार करेंगे ग्रामीणआधारभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने बीते 27 दिसम्बर को नवादा समाहरणालय में लगे जनता दरबार में जिलाधिकारी नवादा को लिखित आवेदन देकर बताया कि उनकी मांगें बीते वर्ष 2022 से लंबित है।यदि वर्ष 2025 के जनवरी माह में विकास कार्य शुरू नहीं किया गया,तो वे अनुमण्डल कार्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर करेंगे।साथ ही आगामी बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे एवं उक्त गांवों में रहे तीनों मतदान केन्द्रों पर एक भी वोटर वोट नहीं डालेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष को भी मिली सफलता, हथियार रखने के शौकीन एक अभियुक्त गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता ।जिले के युवा तेज तर्रार एसपी हिमाशू के नेतृत्व में गठित जिला स्मार्ट पुलिस का दिन रहा। जिले के सौर बाजार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संचालित बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष अरमोद कुमार को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव, वार्ड नंबर 12 निवासी कुंदन यादव के पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ गोलू अवैध हथियार हमेशा साथ रखते हैं। वे अभी भी हथियार के साथ घर में मौजूद हैं। जिसकी सूचना एसपी को दी गई। उनके निर्देश पर बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष के अलावे पुलिस अवर निरीक्षक कौशलेंद्र कुमार सिंह और थाना पुलिस बल के साथ युवक के घर की घेराबंदी कर छापामारी किया गया। जिसमें उक्त युवक की गिरफ्तारी हुई। जिनके घर से एक देशी पिस्तौल एक जिंदा कारतूस और तीन मोबाइल बरामद हुआ। उनकी गिरफ्तारी को लेकर बैजनाथपुर थाना कांड संख्या - 164 / 24 दर्ज की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया था।

### श्री नारायण हॉस्पिटल द्वारा अत्यधुनिक एमआरआई की मिलने जा रही है सुविधा

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। नववर्ष के शुभ अवसर पर श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल की तरफ से कोसी वासियों को बहुत बड़ी सौगात मिलने जा रही है। बताते चलेंकि अत्यधुनिक एम आर आई मशीन का इंस्टालेसन का कम जारी है। संभव है कि जनवरी के आखरी सप्ताह में एम आर आई की सुविधा रोगियों को मिलने लगेगी। एम डी रेडियो डाइग्नोसिस कोसी जैसे उपेक्षित क्षेत्र के लिए बड़ी बात है। एम आर आई कराने के लिए कोसी के लोगों को बाहर नहीं जाना पड़े इसकी पूरी कोशिश की जा रही थी। हाल हीं में श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल को हार्ट, यूरो और न्यूरो जैसे महंगे ईलाज के लिए आयुष्मान की सुविधा मिलने से रोगियों को बहुत राहत मिली है। श्री नारायण हॉस्पिटल के संस्थापक आर के सिंह और कामेश्वरी कुमारी का एक हीं सपना है। कोसी इलाके के रोगियों को किसी भी तरह के ईलाज के लिए बाहर जाना ना पड़े, साथ ही आधुनिक सुविधा के साथ उत्तम उपचार की सुविधा हर तबके को मिले।

### सोनवर्षा राज: ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम

लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र के देहद पंचायत अन्तर्गत बेहट गांव निवासी योगेन्द्र झा उर्फ जवाहर झा को बीते सोमवार की शाम सहरसा में विश्वकर्मा ढाला समीप रेलवे पटरी पार करने के दौरान हुए हादसे में मौत हो गया। बेहट निवासी 75 वर्षीय योगेन्द्र झा के मौत के उपरांत पैतृक गांव बेहट देर रात्रि शव पहुंचते ही गांव पहुंचते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। देखने वालों की काफी भीड़ जमा हो गई। चीख पुकार से पूरा क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। मालुम हो कि विगत सोमवार को योगेन्द्र झा उर्फ जवाहर झा अपने गांव में एक श्राद्ध कार्यक्रम से सहरसा लौटे थे। श्री झा बीसीसीएल धनबाद से सेवानिवृत्त होकर सहरसा गंगजला मुहल्ला में पति-पत्नी रहते थे। दो पुत्र में एक विदेश में नौकरी करते हैं। और दूसरा निजी कम्पनी में काम करते हैं। श्री झा सोमवार की शाम अपने डेरा से दवाई लेने डीबी रोड से वापस लौटने के दौरान विश्वकर्मा ढाला रैक प्वाइंट समीप रेलवे पटरी पार के दौरान सुपौल से आ रही ट्रेन से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा ईलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। स्थिति काफी नाजूक थी ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव गांव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। शोक व्यक्त करने वाले में बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सादा, देहद पंचायत की मुखिया रेणु देवी, पूर्व मुखिया तुम सिंह उर्फ कुमकुम सिंह, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष जयकुमार सिंह, देहद ग्राम कचहरी के सरपंच रानी कुमारी, पूर्व सरपंच उषा देवी, पूर्व जिला पार्षद अमरेन्द्र भास्कर, समिति सदस्य सरिता देवी, जनेश्वर झा, हरेराम झा, अधिवक्ता पंकज झा, कुलानंद झा, महानंद झा, सुरज झा, विनोद झा, अनिल झा, पप्पू झा, राणा झा, पिंकू झा, सागर झा, नागमणि झा, सहित अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अपूर्णीय क्षति बताया है।

# नये साल पर नियोजित शिक्षकों को नीतीश कुमार का तोहफा, जिप अध्यक्ष आफताब अज़ीम और शगुफ्ता अज़ीम ने दी बधाई

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** नये साल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के नियोजित शिक्षकों को एक बड़ी सौगात दी है। सक्षमता उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों को अब राज्यकर्मी का वित्तीय लाभ मिलेगा। इस निर्णय से शिक्षकों का लंबे समय से लंबित यह संघर्ष आखिरकार पूरा हुआ और वे अब सरकारी कर्मचारियों के समान लाभ प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष जनाब आफताब अज़ीम पप्पू और अररिया विधानसभा सदर सीट से जदयू प्रत्याशी रही पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शगुफ्ता अज़ीम ने शिक्षकों को बधाई दी और इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह बिहार सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदृष्टि का परिणाम है। आफताब अज़ीम ने कहा, ₹नितीश मतलब सुशासन, नितीश मतलब रोजगार, नितीश मतलब विश्वास। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार राज्य सबसे अधिक रोजगार देने वाला प्रदेश बन चुका है।

उन्होंने आगे कहा कि नियोजित शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग, जिसमें राज्यकर्मी का लाभ शामिल था, अब पूरी हो गई है। अब ये शिक्षक सरकारी

● नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का वित्तीय लाभ मिलने पर जदयू नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया




कर्मचारियों के समान अधिकार और लाभ प्राप्त करेंगे। आफताब अज़ीम ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों के स्थायीकरण से लेकर उनके राज्यकर्मी बनने तक के सफर में मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता और समर्थन महत्वपूर्ण रहे हैं।

इसके अलावा, शगुफ्ता अज़ीम ने भी शिक्षकों को बधाई दी और इस फैसले को बिहार के शिक्षा क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में नए बदलाव की शुरुआत करेगी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

शिक्षकों के साथ साथ, बुढ़ापे में सहारा देने वाली पेंशन योजना को लागू करने के लिए भी श्री आफताब अज़ीम ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। यह योजना शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जो उनके भविष्य को सुरक्षित बनाएगी। इस ऐतिहासिक कदम के लिए सभी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद किया और उनके नेतृत्व में और भी विकास की उम्मीद जताई।

## सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने शीत लहर से बचाव के लिए प्रशासन को त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश



लोक तंत्र कीआवाज

● प्रशासन अलाव जलाने और कंबल वितरण की व्यवस्था करें सुनिश्चित

**अररिया।** उत्तर बिहार में इस समय कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। इस कठिन मौसम को देखते हुए सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे शीतलहर से बचाव के लिए तत्काल प्रभाव से राहत कार्यों को तेज करें।

सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने आदेश दिया कि नगर परिषद जोगबनी, फारबिसगंज, अररिया नगर पंचायत क्षेत्र , हाट, बाजार, बस स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए, ताकि लोग ठंड से बच सकें। इसके साथ ही, उन्होंने असहाय और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का कार्य शीघ्र शुरू करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा, ₹इस सर्दी में गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशासन को हर हाल में यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति इस ठंड में असुरक्षित न रहे।

सांसद ने यह भी कहा कि प्रशासन को शीतलहर के प्रभाव वाले क्षेत्रों में राहत सामग्री की व्यवस्था तुरंत करनी चाहिए। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दिया कि इस मौसम में किसी भी स्वास्थ्य समस्या से बचने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि लोग इस शीतलहर से सुरक्षित रह सकें। इस मौके पर जोकीहाट के भाजपा नेता सह महलगांव मुखिया संजय यादव, पत्रकार हेरम सिंह, विकासशील इंसान पार्टी के जिला अध्यक्ष सहित एन डी ए के कई कार्यकर्ता वहां मौजूद थे।

## जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन देसी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 7 जिंदा कारतूस बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 30 दिसंबर रोज सोमवार को बेहतर उपलब्धि रही। जहां सदर थाना क्षेत्र सहित दो अन्य थाना क्षेत्र में अपराधियों पर पुलिस की कार्रवाई काफी तेज रही। अपराधियों से तीन देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं उनकी तीन बाइक, तीन मोबाइल, एक ट्रक को भी जब्त किया गया था। साथ ही 80 लीटर देसी शराब, एक बोतल विदेशी शराब के साथ 70.5 लीटर कोरेक्स कफ सिरफ बरामद की गई थी।

वाहन जांच में शुभ अंक 1 लाख 11 हजार रुपए नकद का जुर्माना भी काटा गया था। विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज कांड के एक अभियुक्त, हत्या के प्रयास में गिरफ्तार दो अभियुक्त, रंगदारी के दर्ज कांड में गिरफ्तार एक अभियुक्त के साथ चार शराब कारोबारी और 6 शराबी को भी गिरफ्तार किया गया था। सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। स्थानीय व्यवहार न्यायालय से निर्गत 106 वारंट, 8 इश्तेहार, एक कुर्की और तीन अभियुक्त को रिकॉल कर थाना से मुक्त कर दिया गया था। जबकि विभिन्न थाना अध्यक्षों द्वारा 21 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई थी। जिनमें से 18 अभियुक्त को जेल भेज दिया गया था। उक्त आशय की जानकारी जिला पुलिस द्वारा दी गई थी।

## सदर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अवैध हथियार की खरीद बिक्री करने पहुंचे 4 अपराधी में से 3 गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** इन दोनों जिले के एसपी हिमांशु के निर्देश पर संचालित हो रही जिला स्मार्ट पुलिस की टीम कई नई-नई उपलब्धि दे रही है। सोमवार की देर शाम गस्ती पर निकले सदर थाना अध्यक्ष और जिला आसूचना इकाई को गुप्त सूचना पर एसपी से मिले निर्देश की छापामारी की गई। जिसमें कुछ हथियारबंद अपराधी बाइक के साथ गिरफ्तार हुए। सभी अपराधी मत्स्यगंधा परिसर में आयोजित हो रहे महायोगिनी मेला में आ रहे थे। वे अवैध हथियार की खरीद बिक्री करने के लिए आ रहे थे।



मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में सदर थाना पुलिस अवर निरीक्षक ब्रह्मदेव कुमार, जिला आसूचना इकाई के पुलिस पदाधिकारी, उनके कर्मी और सदर थाना पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से घेराबंदी कर हकपाड़ा हाई स्कूल के निकट तेज गति से आ रहे दो बाइक पर चार युवक को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देख कर चारों युवक दोनों बाइक को घूमा कर भागने का प्रयास किया। जिसे पूर्व से की गई पुलिस घेराबंदी में घेर लिया गया। इस दौरान युवक बाइक छोड़कर भागने लगे। लेकिन तीन युवक को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। एक युवक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा था। पकड़ में लिए गए युवकों की जब तलाशी ली गई तो उनसे दो देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा और उनके 6 जिंदा कारतूस बरामद हुए।

जिसको लेकर सदर थाना कांड संख्या 1462/24 दर्ज की गई थी। गिरफ्तार अपराधकर्मी सदर थाना क्षेत्र के हकपाड़ा गांव निवासी जितेंद्र यादव के पुत्र कुंदन कुमार उर्फ बाबाजी यादव, सदर थाना क्षेत्र के ही भेलवा गांव निवासी दिलीप यादव के पुत्र शिव कुमार और उक्त गांव के ही अरुण यादव के पुत्र राजा कुमार थे। गिरफ्तार सभी अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। उनके फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। अपराधी से दो बाइक जब्त हुए थे। उन्होंने अवैध हथियार के खरीद बिक्री करने की बात स्वीकारी थी।

## प्रशांत किशोर के विरुद्ध टिप्पणी पर जनसुराज नेता विमलकांत झा ने जताई कड़ी प्रतिक्रिया

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव द्वारा बीपीएससी के मसले पर प्रशांत किशोर पर अभद्र बयान एवं अशोभनीय टिप्पणी किये जाने पर उनके बयान से मर्माहत होकर ण सुराण जनसुराज नेता विमलकांत झा नें कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री झा ने कहा चुने हुए प्रतिनिधि के रूप में उनका सम्मान है। मैं व्यक्तिगत तौर पर कल तक उनका काफी सम्मान करता था लेकिन उनकी इस बयान से मैं काफी आहत हूं। जनसुराज नेता ने कहा कि ठीक ही कहा गया है की नेचर एवं सिग्नेचर कभी नहीं बदलता। इसी प्रकार लोगों की आदतें भी नहीं बदलता है। हम सभी लोग बिहार के रहने वाले हैं। सभी एक दूसरे के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं।




उन्होंने कहा कि मैं 8 वर्ष कांग्रेस में रहा जहां मैंने चाटुकारता की राजनीति कभी नहीं किया। बल्कि पार्टी नीति के साथ अनुशासन में रहकर बेबाक रहे। उन्होंने कहा कि सांसद पप्पू यादव इंडिया गठबंधन में आने के लिए लालायित थे लेकिन उनके बड़ बोला पन एवं अनर्गल बयान के कारण उन्हें गठबंधन में शामिल नहीं किया। जिसके कारण वह एक निर्दलीय सांसद के रूप में चुने गए हैं। श्री झा ने कहा कि जिनके ऊपर दर्जनों लूट हत्या फिरौती का मामला दर्ज है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर के खिलाफ यदि कोई अनियमितता या फ्रॉडिंग का केस है। तो उन्हें न्यायालय जाने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा कि मैं निवेदन कर कहना चाहता हूं कि प्रशांत किशोर वास्तव में यदि फ्रॉड हैं तो साबित करें अन्यथा माफी मांगे। उन्होंने कहा कि सांसद पप्पू यादव के बयान कि मैं घोर निंदा करता हूं।

श्री झा ने कहा कि प्रशांत किशोर छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए कटिबद्ध है। वहीं शिक्षा में उत्थान एवं सुधार के लिए भी अपनी विजन स्पष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में छात्रों के साथ यदि उचित न्याय नहीं मिलता है तो जनसुराज अपने बैनर तले छात्रों के हित में उग्र आंदोलन चलाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व मैं कांग्रेस पार्टी में था। उसे समय पप्पू यादव को मैने पार्टी लीक से हटकर काफी मदद की। श्री झा ने कहा कि आमजनता की समस्या समाधान को लेकर सतत संघर्षरत रहेगें।

## बीजेपी नगर अध्यक्ष रमेश कुमार गुड्डू सहित अन्य ने पांच सूत्री मांगों को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।** सिमरी बख्तियारपुर के भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश कुमार गुड्डू, पूर्व नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार, नगर मंत्री चन्दन कुमार , नगर महामंत्री मुकेश कुमार सहित अन्य ने नगर परिषद के विभिन्न मुद्दों को लेकर संयुक्त रूप से कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद कार्यालय वेष्म में गुरुवार को पांच सूत्री मांगों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास को नगर परिषद क्षेत्र के नवाब मार्केट से लेकर डाक बंगला चौक के बीच सुलभ शौचालय बनाने को लेकर साथ हीं डाक-बंगला चौक से लेकर शर्मा चौक तक सड़क निर्माण कार्य हेतु, गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है । जिसका मुख्य कारण उस गरीब लोगों के नाम से जमीन नहीं है। या उसके दादा परदादा के नाम से खतियान होने के कारण गरीब लोग अपना कागजात नहीं बना पाते हैं। जिसके कारण वह व्यक्ति आवास योजना का लाभ से बंचीत हो गया है।शीत लहर ठंड से निजात पाने के लिए चौक चौराहों पर अलाव का व्यवस्था हो, गरीब ,निसाह जरूरत मंद लोगो को ठंढ से बचने हेतु कम्बल की व्यवस्था की मांग की गई।



मुक्ति द्वार का निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसे गरीब लोगों के पास अपना ज़मीन नहीं रहने के कारण शव को किसी सड़क किनारे इधर-उधर दाह संस्कार कर देते हैं। जो नगर परिषद द्वारा रोक लगा दिया जाता है।ऐसे जगह को चिन्हित कर मुक्ति द्वार बनाने की भी प्रस्ताव की मांग की गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन अररिया पुलिस केंद्र का किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण निर्माण की दी हिदायतें

लोक तंत्र की आवाज

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**
**अररिया।** अररिया के नए पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने गुरूवार को निर्माणाधीन पुलिस केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अररिया एसपी ने निर्माण की गति और सामग्री की गुणवत्ता का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पुलिस केंद्र का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार और समय पर पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्माण में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए, ताकि पुलिस केंद्र जल्द से जल्द जनता की सेवा में सक्षम हो सके। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता जताई कि पुलिस केंद्र में सभी जरूरी सुविधाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण सही तरीके से हो। निरीक्षण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से योजना की समीक्षा की और निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस निर्माण कार्य का उद्देश्य जनता को बेहतर सुरक्षा प्रदान करना है, इसलिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

## दो दिवसीय संतमत सत्संग समारोह में शामिल हुए संजीव मिश्रा

लोक तंत्र की आवाज

● "इंसानियत और सेवा का मार्ग ही सच्चा धर्म है" : संजीव मिश्रा
● छातापुर प्रखंड के राजेश्वरी पूर्वी में चल रहा सत्संग कार्यक्रम

**छातापुर।** पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक और विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संजीव मिश्रा ने गुरुवार को छातापुर प्रखंड के राजेश्वरी पूर्वी में आयोजित दो दिवसीय संतमत सत्संग समारोह में भाग लिया। इस आयोजन में उन्होंने साधु-महात्माओं का आशीर्वाद लिया और अपने विचारों को साझा किया।

साधु-महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए संजीव मिश्रा ने कहा, ₹यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस पवित्र सत्संग में आने का अवसर मिला। यहां पर आकर, संतों और आयोजन समिति के सदस्यों से मिलकर और उनके विचारों से प्रभावित होकर मुझे बहुत खुशी हुई है।₹ उन्होंने आगे कहा कि वह खुद को एक साधारण इंसान मानते हुए हमेशा अपने कर्म पथ पर अग्रसर रहने का वादा करते हैं।

श्री मिश्रा ने कहा, ₹मैंने कभी भगवान से कुछ नहीं मांगा, क्योंकि भगवान स्वयं अपने भक्त का चयन करते हैं। जीवन में मैंने केवल एक ही बात सीखी है कि हर इंसान को भगवान मानना चाहिए और सबके लिए न्याय करना चाहिए।₹ उन्होंने यह भी कहा कि ₹हम सभी को एक अच्छा इंसान बनने के लिए सबसे पहले अपने अहंकार को खत्म करना होगा। एक बार हम अपने अहंकार को मार देंगे तो हम सच्चे इंसान बन सकेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि ₹ईश्वर कभी किसी की सुने या न सुने, लेकिन अच्छे इंसान की आवाज हमेशा सुनता है। संजीव मिश्रा ने यह भी भरोसा दिलाया कि वह हमेशा एक सेवक की तरह कार्य करेंगे और जीवनभर लोगों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**आयोजन समिति और अन्य उपस्थित लोग :** संतमत सत्संग के इस भव्य आयोजन में छातापुर प्रखंड प्रमुख श्रीमती आसिया देवी, प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सरदार और आयोजन समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त सत्संग प्रेमियों और समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।



## संक्षिप्त खबरें ।

### लालबथानी घाट से नाव का परिचालन हुआ प्रारंभ



लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। साहिबगंज सदर प्रखंड के लालबथानी घाट से मनिहारी घाट के बीच परिचलन के लिए साहिबगंज मुफ्फसिल थाना प्रभारी मदन कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मो मोजम्मील हक एवं युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर नाव का परिचलन प्रारंभ किया।वहीं युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने बताया कि अब नाव का परिचालन शुरू हो जाने से लालबथानी घाट से मनिहारी जाने के लिए लोगों का समस्या नहीं होंगा।मौके पर मखमलपुर दक्षिण पंचायत के उपमुखिया शफीक आलम, मो जबीर, मो जहांगीर, मो शुकरदी, जियाउल हक, नौशाद अली, हबीबुर्रहमान, अख्तर आलम, मो अकरम, तंजीर आलम, एजारूल हक, मो हकीम, अबदूर रहीम, महताब, रज्ज़ाक आदि उपस्थित रहे।

### बिरनी: प्रयाग ठाकुर के घर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पहुंचे



लोकतंत्र की आवाज

अनिल कुमार (संवाददाता)

प्रखंड- बिरनी, गिरिडीह। सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चीरुवा पंचायत में पत्रकार प्रयाग ठाकुर की पत्नी का देहावसान 11 दिन पूर्व हो चुका था आज द्वादशा पर गिरिडीह जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव जी श्रद्धांजलि देने पत्रकार महोदय के गांव पहुंचे दुख के इस मौके पर उनके सगे संबंधी मित्रों के साथ-साथ इस मौके पर महेश मिश्रा सोहन महतो धर्मेंद्र पाठक नागेश्वर यादव किशन शर्मा पारसी शर्मा संतोष शर्मा पप्पू शर्मा संतोष महतो इत्यादि और भी अन्य लोग स्थल पर मौजूद थे।

### फर्जी एसडीएम ने बीडीओ से मांगे तीन लाख, थानेदार को भी हड़काया



लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

पलामू (झारखंड)। जिले के लेस्लीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी से एक युवक द्वारा फर्जी एसडीएम बन पैसे मांगने का मामला सामने आया है. एक युवक ने फर्जी एसडीएम बनकर बी़डीओ से तीन लाख रुपये की मांग की है. युवक ने थाना प्रभारी को भी धमकाया. पुलिस ने जब पूरे मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि युवक मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है और पत्नी से झगड़ा करने के बाद पिछले 15 दिनों से घर नहीं गया है. दरअसल, गुरुवार को पलामू के लेस्लीगंज ब्लॉक के प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक अनजान नंबर से फोन किया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी को फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एसडीएम बताया और तीन लाख रुपये की मांग की. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पूरे मामले की जानकारी लेस्लीगंज थाने को दी. लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता को भी एक अनजान नंबर से फोन आया, फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को आरडीएम बताया और एसपी का नंबर मांगा. थाना प्रभारी ने पूछा आरडीएम कौन सा पद है? तो फोन करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आपको नहीं पता आरडीएम क्या होता है, कॉल रिकॉर्डिंग में है, एसपी का नंबर दीजिए. बाद में उस व्यक्ति ने फोन काट दिया. लेस्लीगंज थाने की पुलिस ने जब पूरे मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि फोन करने वाला शख्स एक युवक है और मानसिक रूप से विक्षिप्त है. लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था, उसका अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था और वह पिछले 15 दिनों से घर नहीं गया है

### वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के गुट्टीबेड़ा मौजा पहाड़ से एक पत्थर खदान के समीप गड्ढे से 65 वर्षीय एक अज्ञात वृद्ध का शव बरामद हुआ है। इसकी सूचना मिलते ही मिर्जाचौकी थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर वृद्ध व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी देते हुए एएसआई अरुणजय सिंह ने बताया कि बरामद शव की पहचान अभी नहीं हो पाया है। उक्त मृतक वृद्ध के सर में गंभीर चोट का निशान है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल साहेबगंज भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि दूर्घटना है या हत्या, खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी।

# पलामू में 3.2 करोड़ के शराब का सेल्समैन ने किया गबन! दर्ज हुए सात एफआईआर

लोकतंत्र की आवाज़




- पलामू में शराब घोटाला का मामला सामने आया है. करीब 3.2 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ है

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**पलामू (झारखंड)**। जिले में करीब 3.2 करोड़ की शराब का सेल्समैन ने गबन किया है. पूरी राशि को सेल्समैन लेकर फरार हो गए हैं. गबन की जिम्मेवारी कंपनियों पर फिक्स की गई है, सबसे अधिक गबन हुसैनाबाद अंचल के इलाके में मौजूद शराब की दुकानों में से हुआ है. हुसैनाबाद आंचल से जुड़े हुए शराब की दुकानों में दो करोड़ का गबन हुआ है.

उत्पाद विभाग का एक कंपनी पर दो करोड़, दूसरी पर 70 लाख जबकि तीसरी कंपनी पर 63 लाख का बकाया है. पैसे गबन के मामले को लेकर 07 अलग अलग एफआईआर भी दर्ज किए गए हैं. वहीं कंपनियों ने भी सेल्समैन पर अलग से एफआईआर दर्ज करवाई है. उत्पाद विभाग अब मामले में कंपनियों के सिक्योरिटी मनी को जब्त करने की प्रक्रिया को शुरू कर रहा है. मामला सामने आने के बाद जीडीएक्स और आरके नामक कंपनी को टर्मिनेट कर दिया गया है. तीसरी कंपनी फिलहाल काम कर रही है, जिसके बाद 63 लाख का बकाया है. शराब बेचने में शामिल कंपनियों ने उत्पाद विभाग को हिसाब नहीं दिया है एवं समय पर पैसे को जमा नहीं किया था. जिसके बाद विभिन्न स्तरों पर जांच करवाई गई, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है.

सरकार का राजस्व को नुकसान नहीं होगा, विभाग कंपनियों के सिक्योरिटी मनी को जब्त कर लेगा. कंपनियों को टर्मिनेट किया गया है. सिक्योरिटी मनी को भी जब्त करने की प्रक्रिया है. पूरे मामले में कई स्तर पर छानबीन की जा रही है एवं एफआईआर भी दर्ज की गई है। विभाग समय-समय पर ऑडिट करवा रहा है. जीडीएक्स पर दो करोड़, आरके पर 70 लाख और केएस पर 63 लाख का बकाया है. जीडीएक्स पर हुसैनाबाद में एफआईआर दर्ज करवाई गई है.- संजीव देव उत्पाद अधीक्षक पलामू

**सेल्समैन की दबंगई, लाखों रुपए लेकर भागे :** पलामू में पिछले कुछ वर्षों में तीन अलग-अलग प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से शराब बेचवाई गई है. प्लेसमेंट एजेंसी दुकानों में शराब की बिक्री के लिए सेल्समैन रखती है. दुकानों के सेल्समैन भी कंपनी के लाखों रुपए लेकर भाग गए हैं. केएस कंपनी का कार्यभार देखने वाले मनोज कुमार ने बताया कि कई बार सेल्समैन की दबंगई देखने को मिलती है और वह लाखों रुपए लेकर भाग जाते हैं. मामले में कंपनी स्तर से फिर एफआईआर भी की जाती है. यह रकम डेढ़ से दो लाख तक की होती है.

**126 करोड़ की राजस्व की होनी है वसूली, 79 है शराब की दुकान :** वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्पाद विभाग में पलामू में अकेले 126 करोड़ के राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है. 2024 में दिसंबर के अंतिम दिन तक पलामू में लगभग 93 करोड़ के राजस्व की वसूली हो चुकी है. 31 मार्च तक 126 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होनी है. पलामू में 79 शराब की दुकान हैं।

# लोहरदग्गा के कुडू में दिल दहलाने वाली घटना, पुआल गांज में लगी आग में एक व्यक्ति जिंदा जला



लोकतंत्र की आवाज़

- आग लगने का कारण की नही हुई पुष्टि, पुलिस जांच में जुटी

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**लोहरदग़ा (झारखंड)**। कुडू थाना क्षेत्र के जामुनटोली गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में पुआल में जलने से मौत हो गई। घटना बुधवार एक जनवरी देर रात की बताई जा रही है। पुलिस ने पुरी तरह जले शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। गौर तलब है कि गुरुवार की सुबह जामुनटोली में विनय साहू की जनवितरण दुकान के बगल में रखे चारो भगत के पुआल के गांज में एक जला हुआ शव लोगों ने देखा। जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई।

शव की पहचान कुडू अखराटोली निवासी स्व. विजय उरांव के पुत्र पंचम उरांव (48) के रूप में हुई है। कयास लगाया जा रहा है कि आग तापने के क्रम में ही हादसा हुआ होगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही हक़ीक़त स्पष्ट हो पाएगी। मृतक के भाई प्रभु उरांव ने बताया कि पंचम पढ़ा लिखा व्यक्ति था। उसने रांची में रहकर इंटर तक कि शिक्षा ग्रहण की थी। इधर स्थानीय लोगों को कहना है कि पंचम ने नशे के चक्कर मे पड़कर अपनी गृहस्ती बर्बाद कर ली थी और नशे की लत के कारण ही वर्षों पहले उसकी पत्नी भी अलग हो गयी थी। जिसके बाद से वह बस स्टैंड को ही रहकर लोगों कि दुकानो में साफ सफाई का काम करता था। नशे के आदि पंचम का उठना बैठना भी अपने जैसे लोगो के साथ था। हालांकि वह बस स्टैंड से जामुनटोली क्यों और किसके साथ गया था इसकी पुष्टि नही हो पाई है।

## आदित्यपुर स्टेशन का रेल डीआरएम ने किया निरीक्षण, क्वालिटी कार्य करने का दिया निर्देश



**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**चक्रधरपुर (झारखंड)**। चक्रधरपुर रेल मंडल के नए डीआरएम तरुण हुरिया ने आदित्यपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया. डीआरएम स्टेशन के ले-आउट, सुरक्षा व्यवस्था और सुधार की संभावनाओं का जायजा लेने पहुंचे. मीडिया से बातचीत में तरुण हुरिया ने कहा कि यहां का ले-आउट और सुरक्षा की स्थिति की जांच की जा रही है. जो भी सुधार आवश्यक होंगे उसे किया जाएगा.

**कांग्रेस नेता ने समस्याओं को रखा :** निरीक्षण के दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुरेशधारी ने डीआरएम से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी। आदित्यपुर स्टेशन से संबंधित जन समस्याओं को उनके समक्ष रखा।

# लोहरदगा के लाल देवेंद्र कुमार उर्फ रवि बने एसएसबी श्रीनगर कमांडेंट, जिले का नाम किया रोशन

लोकतंत्र की आवाज़



- एसएसबी डीआईजी इम्तियाज इस्माइल पारे ने कमांडेंट का रैंक लगाकर सुशोभित किया

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**लोहरदगा (झारखंड)**। लोहरदगा के महावीर चौक निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक स्व० निधान चन्द्र अग्रवाल व स्व० प्रतिभा अग्रवाल के पुत्र देवेंद्र कुमार उर्फ रवि ने एसएसबी श्रीनगर में कमांडेंट बनकर जिले का मान बढ़ाया है। वो भारत सरकार, गृह मंत्रालय से सबंधित सशस्त्र सीमा बल में द्वितीय कमान अधिकारी एसपी के पद पर क्षेत्रक मुख्यालय, श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) में पदस्थापित थे। उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं अनुभवों के आधार पर दिनांक 01 जनवरी 2025 को इन्हें कमाण्डेंट एसएसपी के पद पर पदोन्नति किया गया है। वर्तमान में इनको 14वीं बटालियन श्रीनगर में पदस्थापित किया गया है।

उन्हें एसएसबी डीआईजी आईपीएस अधिकारी इम्तियाज इस्माइल पारे ने कमांडेंट का रैंक लगाकर सुशोभित किया। इस मौके पर कमांडेंट बीसी जोशी, डिप्टी कमांडेंट अमित कुमार, उनकी पत्नी नेहाश्री व पुत्री प्रिशा बिंदल समेत अन्य मौजूद थे। गौरतलब है कि देवेंद्र कुमार उर्फ रवि के द्वारा पूर्व में देशहित व समाज हित में बहुत कार्य किये गए हैं। जिनमे उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में आई भीषण बाढ, 2016 के कानपुर रेल दुर्घटना तथा महाकुंभ में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए इन्हें प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक हेतु नामित किया जा चुका है। वही एनडीआरएफ के महानिदेशक के पदक से सम्मानित किया गया है। इन्हें एसएसबी के कमांडेंट पद पर सुशोभित होने पर लोहरदगा जिले में खुशी की लहर है। उनके इस सफलता पर अग्रवाल समाज के साथ अन्य समाज के लोगो मे उत्साह है। समाज के लोगो ने कहा कि देवेंद्र कुमार उर्फ रवि की इस सफलता से जिले के लोग अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह हमारे समाज के लिये बहुत ही गर्व का क्षण है कि हमारा सपूत भारत माँ के सेवा में तत्पर है।

# पिकअप वाहन की चपेट मे आने बाइक सवार की मौत, महिला समेत तीन घायल

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**हंटरगंज (झारखंड)**। जिले के हंटरगंज प्रखंड के प्रतापपुर मोड के समीप गुरुवार को पिकअप वाहन की चपेट मे आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी वही दुर्घटना मे एक महिला समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।मृतक युवक पाण्डेयपुरा के स्टालीनगर निवासी गुजर भारती का 18 वर्षीय पुत्र कुंदन भारती है। वही घायलो मे सीबू भारती का 18 वर्षीय पुत्र गुड्डू भारती व संजय भारती का 20 वर्षीय पुत्र हरी कुमार और उसकी पत्नी सोभा देवी है।

घटना की खबर पाते ही पुलिस द्वारा सभी घायलो को हंटरगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया जहा घायलो की गंभीर स्थिति को देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।वही पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया।मिली जानकारी के अनुशार हरी भारती अपनी पत्नी सोभा देवी का आधार कार्ड लाने अपने ससुराल बोड़ा मोड़ जा रहा था इसी दौरान मोटरसाइकिल की टक्कर पिकअप वाहन से हो गयी।वही टक्कर मार कर भाग रहे पिकअप वाहन रामनारायण कॉलेज हंटरगंज मोड़ के समीप अनियंत्रित हो कर पलट गया जिससे उस पर लदे आलू और प्याज सड़क पर पुरी तरह से बिखर गये जिसकी सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पिकअप वाहन और मोटरसाइकिल को अपने कब्जे मे ले लिया और आवश्यक कारवाई के लिए थाने ले आयी।

# बरहरवा: फुटानी मोड चेक नाका का अनुमंडल पदाधिकारी विमल सोरेन ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**बारहरवा**। बारहरवा प्रखंड क्षेत्र के फूटानी मोड चेक नाका से बगैर माइनिंग के ट्रैकों का परिचालन होने की समाचार को प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी विमल सोरेन ने गंभीरता से लिया है एवं इसमें लापरवाही बरतने वाले दंडाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, यही वजह है कि उन्होंने गुरुवार को बरहरवा तथा कोटल पोखर थाना क्षेत्र का दौरा कर दोनों थाना क्षेत्र के चेक नाका का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने चेक नाका पर तैनात दंडाधिकारी से ट्रैकों के परिचालन के बारे में आवश्यक जानकारी लिया` मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के क्रम में श्री सोरेन मजिस्ट्रेट के रूटीन तथा चेक नाका में जमा होने वाले चालान का बारीके से मिलान किया, साथ ही यह निर्देश दिया कि ट्रैकों के परिचालन से संबंधित माइनिंग चालान की गहनता से जांच की जाऐ इस कार्य मे किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले चेक नाका के दंडाधिकारी तथा प्रखंड स्तर के पदाधिकारी पर कड़ाई कार्रवाई की जाएगी जांच के दौरान उन्होंने चेक नाका पर लगे सीसी कैमरा वन है या नहीं इसका भी जांच कियो एसडीओ के निरीक्षण से माइनिंग चुराने वाले ट्रक अनारो में हड़कमप मचा हुआ है दौरान चेक नाका पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी विक्रम कुमार चौकीदार धर्मेंद्र कुमार फूटानी मोड चेक नाका में उपस्थित थे ।

# साहेबगंज में वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहेबगंज**। जिला-परिवहन विभाग साहिबगंज के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत आज निशुल्क नेत्र जाँच शिविर वाहन चालकों के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज एवं साहिबगंज बस स्टैंड में आयोजित किया गया।

सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु साहिबगंज जिला अंतर्गत निशुल्क नेत्र जांच अभियान सभी वाहन चालकों के लिए गया गया जिसमें सभी वाहन चालकों का विजन टेस्ट कलर एक्यूरेसी टेस्ट आदि जांच किए गए जिसमें कई चालकों को निःशुल्क चश्मा एवं दवाइयां दी गई। यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य यह है कि सभी वाहन चालकों का आंखों का दृष्टि सही बनी रहे एवं आंखों की समस्या एवं दृष्टिबाधित्ता से बचे रहे जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित हैंड बिल, बुकलेट एवं पंपलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं सदर अस्पताल के नेत्र जांच कर्ता मौजूद रहेंगे

# गिरिडीह के सभी प्रखंड के विधिक सहायता केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




- अंबाडीह, भुलवाही, केरेहारी कारीहारी, माणीक बाद, फिट-कोरिया एवं मोतिलेड़ा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह, झारखंड**। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन एवं सचिव श्रीमती सोनम बिश्नोई के आदेशानुसार मे आज दिनांक 02/01/2025 को 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से गिरिडीह प्रखंड एवं गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों के विधिक सहायता केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में सभी विधिक सहायता केंद्र के पंचायत में लगातार कार्यक्रम का आयोजन पीएलबी के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में जाकर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है अधिक से अधिक हर क्षेत्र के लोग इसका लाभ उठा सकें। वैसे जरूरतमंद लोगों को निशुल्क विधिक सहायता, निशुल्क अधिवक्ता का उपलब्ध कराना, मध्यस्थ कराना, पीड़ित अनुदान योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन अंबाडीह, भलूवाही, केरेडारी, करीहारी, माणिकवाद, फिटकोरिया, मोतीलेदा एवं अन्य पंचायत में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पी एल बी दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार, शालिनी प्रिया, सुनिल कुमार, जयप्रकाश वर्मा, रंजना सिन्हा एवं अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

